बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 01 अप्रैल 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 63 | मूल्य - 5 रुपये












## बिहार के नालंदा में शीतला मंदिर में भगदड़ से 8 लोगों की मौत

### पीएम मोदी और सीएम नीतीश ने जताया दुख, मुआवजे का भी ऐलान..



नालंदा।

***बिहार के नालंदा से एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां के शीतला मंदिर में भगदड़ मच गई है। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 8 लोग घायल हैं। नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा गांव में***

शीतला मंदिर में आज मंगलवार की वजह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसी दौरान पूजा करने के क्रम में भीड़ अनियंत्रित हो गई और भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा गया। इस घटना को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने दुख जताया है। मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए गए हैं और पटना के कमिश्नर को घटनास्थल पर भेजा गया है। इस मामले में मुआवजे का भी ऐलान कर दिया गया है। मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4-4 लाख रुपए और सीएम राहत कोष से 2-2 लाख रुपए देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पीएमएनआरएफकी ओर से भी प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इस घटना पर पीएम मोदी ने भी दुख जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार के नालंदा जिले में हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मैं अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।पीएमएनआरएफ की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। घटना के दौरान मौजूद एक युवक ने बताया, ÷आज सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। इसी दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। सब कुछ पूजा-पाठ सही चल रहा था। अचानक भगदड़ मच गई और ये पता ही नहीं चला कि ऐसा क्यों हुआ। लोग इधर उधर भागने लगे। भीड़ की व्यवस्था के लिए वहां बैरिकेडिंग भी थी और लाइनिंग भी थी। भीड़ की सुरक्षा में भी लोग मौजूद थे। लेकिन पता नहीं किसने शोर मचाया और लोग इधर-उधर भागने लगे।

ये मेला सदियों से चला आ रहा है। हर बार सब सही होता है। इस बार पता नहीं कैसे ये भगदड़ मच गई।बता दें कि जिस शीतला मंदिर में ये भगदड़ मची, वह नालंदा स्थित बिहार शरीफ के मघड़ा में है। मंगलवार के दिन मघड़ा स्थित शीतला मंदिर में पूजा के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी थी। हर बार इसी तरह भीड़ होती है लेकिन इससे पहले ऐसा हादसा नहीं हुआ। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि भगदड़ कैसे मची और कहीं इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है। जिन लोगों के परिजनों की मौत हुई है, उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## महाराष्ट्र में आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंधे का 21 साल की सेवा में 24 वीं बार तबादला..

**मुंबई, (भाषा)।**

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी तुकाराम मुंधे का मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा तबादला कर दिया गया। नौकरशाही में 21 वर्षों की सेवा में यह उनका 24वां तबादला है। एक ईमानदार सिविल सेवक माने जाने वाले मुंधे उन कई आईएएस अधिकारियों में शामिल हैं, जिनका तबादला सरकार ने किया है।



अधिकारियों ने बताया कि जिन अधाकरियों का तबादला किया गया, उनमें अश्विनी भिडे, विकास चंद्र रस्तोगी और लोकेश चंद्र भी शामिल हैं। मुंबई स्थित मंत्रालय में दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव मुंधे का तबादला राज्य सचिवालय में सचिव, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, राजस्व और वन विभाग के पद पर किया गया है। उन्हें अगस्त 2025 में, यानी एक साल से भी कम समय पहले दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव के पद पर तैनात किया गया था।

मुख्यमंत्री की अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत अश्विनी भिडे को बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) का आयुक्त नियुक्त किया गया है। अश्विनी भिडे, भारत के सबसे धनी नागरिक निकाय के 154 साल के इतिहास में इस पद को संभालने वाली पहली महिला बनी हैं।




## सीबीआई ने सीजीएसटी अधिकारी को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रतलाम में तैनात सीजीएसटी के एक सहायक आयुक्त को कथित तौर पर 1.5 लाख रुपये की रिश्वत***



लेने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने शंकर परमार को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई परमार द्वारा कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने के मामले में उनके खिलाफशिकायत दर्ज किये जाने के कुछ घंटों बाद की गई। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''सीबीआई ने 31.03.2026 को रतलाम में तैनात सीजीएसटी के सहायक आयुक्त, सीजीएसटी के खिलाफ मामला दर्ज किया... और आरोपी सहायक आयुक्त को सीजीएसटी कार्यालय, रतलाम से बिचौलिए के माध्यम से 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिकारी के परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

## खबर पक्की है! बालाघाट के बजरंग घाट में आज से शुरु होगी नदिया के पार पार्ट 2 की शूटिंग..



**● फिल्म अभिनेता टाईगर श्राफ, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और धुरंधर 2 की अभिनेत्री सारा अर्जुन आज पहुचेंगे बालाघाट.. बालाघाट की बेस्ट होटल मल्लिकार्जुन में करेंगे रात्रि निवास.. ● नूतन कला निकेतन के रुप बनवाले को मिला फिल्म में रोल..**

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***फिल्मी दूनिया से सीधे संपर्क का तो बालाघाट को पहली बार अवसर तब प्राप्त हुआ था, जब बालाघाट के नूतन कला निकेतन के संस्थापक अध्यक्ष मुकुंदभाई त्रिवेदी ने सुनील दत्त अभिनीत फिल्म***

नर्तकी बनाई थी। तब नर्तकी की शूटिंग के लिये सुनील दत्त भी बालाघाट पहुंचे थे। इसके बाद यदा कदा कान्हा घुमने के लिये जरुर फिल्मी हस्तियों का बालाघाट जिले में आगमन होता रहा है, तथा फिल्म अभिनेत्री नूतन को कान्हा के जंगलों से इतना मोह हो गया था, कि उन्होंने कान्हों में ही एक बंगला भी बना लिया था और फिर अभिनेत्री नूतन की छत्रछाया में बैहर के मुश्ताक खान को फिल्मी दुनिया में पहली बार कालिया फिल्म में एक छोटा सा रोल मिला था।

फिल्म दुनिया के बादशाहों की नजर इसके तब पड़ी, जब फिल्म शेरनी की शूटिंग बालाघाट और कान्हा में हुई और तब अभिनेत्री विद्या बालन और अनेक फिल्म कलाकार शुटिंग के लिये बालाघाट पहुंचे थे। लेकिन इसके बाद अब फिर एक बार बालाघाट को वास्तव में ऐसे चमकने का अवसर मिल रहा है कि जब बालाघाट के ग्रामीण अंचलों में नदिया के पार 2 की पूरी शूटिंग लगभग 1 साल में संपन्न होगी, और फिर राजश्री फिल्म प्रोडक्शन द्वारा बनाई जा रही इस फिल्म में अभिनेता टाईगर श्राफ, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और धुरंधर 2 की अभिनेत्री सारा अर्जुन पुरे साल भर बालाघाट के इर्द गिर्द शूटिंग में दिखाई देंगे। जानकारी के अनुसार इस फिल्म में बालाघाट के बजरंग घाट से लेकर बैहर के सियारपाट, ढूढी घाट बांध, नहलेसरा में भी कुछ शूटिंग होगी, तो वहीं ग्रामीण अंचल के लिये लालबर्रा के ग्राम बोरी मोहगांव में पूर्व सरपंच के झोपड़ीनुमा पुराने घर को चिन्हित किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग के लिये आज दोपहर में 12 बजे से 1 के बीच गोंदिया के बिरसी विमानतल से फिल्म अभिनेता और अभिनेत्रियों की टीम बालाघाट पहुंचेगी। बालाघाट के होटल मल्लिकार्जुन में एक घंटा दोपहर में विश्राम करके टीम सीधे बजरंग घाट पहुंचेगी, जहां पर शाम 4 से 6 बजे के बीच फिल्म शुरु करने से पहले पूजा अर्चना की जायेगी, और इसके साथ ही रात में यहां पर कुछ शूटिंग की जायेगी।

### पुलिस के होंगे कड़े बंदोबस्त..

गौरतलब है कि फिल्म शूटिंग के लिहाज से बजरंग घाट में सुबह 10 बजे से पुलिस बल तैनात कर दिया जायेगा। जिसके बाद बजरंग घाट की ओर आने जाने पर रोक होगी, तथा बिना प्रवेश पत्र के कोई अंदर नहीं आ जा सकेगा। जानकारी यह भी मिली है कि बालाघाट के कलेक्टर मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा स्वयं भी फिल्म के निर्माता निर्देशकों के साथ बजरंग घाट में सांध्यकालीन पूजा में व्यस्त रहेंगे।

### संयोग कोचर और रुप बनवाले की भी फिल्म मे भूमिकाएं तय..

प्राप्त जानकारी के अनुसार होटल मल्लिकार्जुन के संचालक और बालाघाट जिले के बेस्ट गायक संयोग कोचर भी शूटिंग के लिये फिल्म निर्माण टीम के साथ मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार संयोग कोचर से इस फिल्म का टायटल गीत गवाया जा रहा है, जबकि वहीं नूतन कला निकेतन के अध्यक्ष और मजे हुए कलाकार रुप बनवाले भी इस फिल्म में एक रोल निभा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ और भी रोल के लिये आगामी एक महीने में और कलाकारों का चयन रुप बनवाले एवं संयोग कोचर के माध्यम से चयनित किये जाएंगे। यहां उल्लेखनीय है कि आज 1 अप्रैल को इस खबर को प्रकाशित होने पर पूरा पढ़ने और इतनी सारी जानकारी के बाद भी खबर को अप्रैल फुल मान सकते हैं, हांलांकि ऐसे कुछ ही लोग होंगे लेकिन जो इस खबर को अप्रैल फुल मानेंगे, अब उनके लिये क्या कहा जा सकता है, सिर्फ इतना ही कि अच्छा होता यदि एक बार आप बजरंग घाट का नजारा ले आते तो शायद ऐसा सोचने बात पर.. आपको स्वयं की सोच पर कुछ तो फक्र भी जरुर हो ही जाता।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# पंतजलि योग पीठ की राज्य स्तरीय बैठक सम्पन्न



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पंतजलि योग समीति भारत स्वाभिमान व्यास की राज्य के स्तरीय पदाधिकारी भगत सिंह ठाकुर के भारत स्वाभिमान के करन सिंह पवार किसान सेवा समीति के***

मुन्नीलाल यादव सहित राज्य कार्यकारिणी के टी.एस. बावल, सुनील कुवड़े भीमराव आपटे, अभिलाष गौतम देवराज सिंह महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद विश्वकर्मा सुरेन्द्र आर्य विनोद परिहार सहित अर्जुन सनोडिया, नरेश मिश्रा बठैक में सम्मलित होकर परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेवजी की जानकारी लेकर सिवनी जिले के योग पदाधिकारी गण सिवनी जिले के तहसील प्रभारी के कार्यो की समीक्षा करते हुऐ। अपने वक्तव्य में योग, आयुर्वेद भारतीय शिक्षा बोर्ड के साय सिवनी के अनेक नये योग साधकों को पंतजलि योग समीति की सदस्यता ग्रहण कराई गई। सिवनी जिले के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का प्रान्तीय अध्यक्ष ने अंग वस्त, पुष्पमाला प्रदान कर सम्मानित किये इस अवसर पर जिले के डॉ. गजेन्द्र डहरवाल, नरेश मिश्रा, सौरभ दुबे युवा प्रभारी, रामेश्वर दुबे, राजेन्द्र तिवारी, परसराम सनोडिया, राजाराम सनोडिया, खूबीराम सनोडिया, गोपालप्रसाद सनोडिया, रामसिंह सनोडिया, विनोद कुमार मिश्रा, श्रीराम ठाकुर, ईश्वर सिंह राजपूत नीलेश सनोडिया, राजेश नामदेव, नेकराम राहंगडाले, धनसिंह राहंगडाले, अजय चौबे, विनोद कुमार जैन, राजेन्द्र कुमार शर्मा, प्रहलाद सिंह बघेल, मुकेश चौरसिया, विनोद सोनी, ए.एस. बंजारा, अमित पारे, मनोज उपाध्याय, संदीप दुबे, राजकुमार, राजीव देशमुख, रघुराज सेन, भारतलाल देशमुख चुन्नीलाल सोनी, चन्द्र प्रकाश उपाध्याय श्वेता मिश्रा, भरत राय, तोपसिंह देशमुख, हरीश तिवारी, मोहन सनोडिया, गौतम सनोडिया, श्रीमती उषा शर्मा, सुनीता मिश्रा, आराधना चौरसिया, अनुराधा ठाकुर, गणेशलाल झारिया, संतोष कुमार नागोत्रा, मोकेश ठाकुर, संतोष कुमार पांडे, तोमर सिंह बघेल, हेमसिंह राहंगडाले सहित योग शिक्षको का सम्मान हुआ और सदस्यता ग्रहण की गई। राज्य के विशिष्ट अतीथियों को जिले के योग ग्राम आरोग्य श्री ग्राम मुख्यालय खापा में संचालित हो रहे प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का अवलोकन कराया गया जहां पर योग आयुर्वेद के माध्यम से हो रही चिकित्सा पद्धति को देखा गया। राज्य पदाधिकारी सिवनी जिले के योग कार्यकम पर संतोष व्यक्त करत हुऐ प्रशंसा की गई। बैठक का संचालन जिले के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक राज्य कार्यकारिणी के नरेश कुमार मिश्रा ने करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# महावीर जयंती पर आस्था का रंग, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब..






**जगप्रेरणा सिवनी।**

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर सोमवार को जिले में आस्था और उत्साह का वातावरण रहा। सुबह से ही जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां विधि-विधान से अभिषेक और पूजन-अर्चना की गई। दिनभर मंदिरों में धार्मिक गतिविधियां और भक्ति कार्यक्रम चलते रहे।

शाम को निकाली गई शोभायात्रा आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा बड़े जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शुक्रवारी बाजार, नेहरू रोड और दुर्गा चौक सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में रजत रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिस पर श्रीजी विराजमान रहे। श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर अनुशासन और श्रद्धा के साथ यात्रा में सहभागी बने। महावीर जयंती के अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन शहर में धार्मिक उल्लास और सामूहिक सहभागिता का माहौल बना रहा।

# सूने मकान में लाखों की चोरी, नगदी व जेवर ले उड़े अज्ञात चोर




**जगप्रेरणा सिवनी।**

बंडोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम थावरी में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश साहू एवं हेमंत साहू के घर पर कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

चोर घर में रखी लगभग 50 हजार रुपये नगद सहित सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

# असलम बाबा सपरिवार उमरा के लिए हुए रवाना



**जगप्रेरणा सिवनी।**

आज 31/3/2026 को कौमी एकता कमेटी सिवनी के अध्यक्ष साहब असलम बाबा एवं उनके परिवार के साथ आज अपने निवास से मक्का मदीना की यात्रा पर रवाना हुए

साथ में कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एड, रामराजेश डेहरिया, कार्यवाहक अध्यक्ष देवराज डेहरिया, सह सचिव शंकरलाल डेहरिया, वरिष्ठ पदाधिकारी मो, साबिर मासाब, मीडिया प्रभारी मो, हसीब, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बरकत खान के अलावा बाबा साहेब को चाहने वालों का जन सैलाब उमड़ पड़ा यात्रा जाते समय मन भाव विभोर हो उठा ,सभी ने बाबा जी की यात्रा मंगलमय हो कि दुआएं की गई ईदगाह मस्जिद में कलाम पाक, की रस्म अदा की गई उसके ठीक पश्चात बाबा साहेब अपने परिवार एवं यात्रा में जाने वालों के साथ अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ होगा शिखर कलश स्थापित



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर के बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड समता नगर कॉलोनी में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना दिनांक 2 अप्रैल 2026, हनुमान जन्मोत्सव, चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948 अभिजीत मुहूर्त, अमृत काल में, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्रीमाता राजराजेश्वरी दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक कलश का पूजन, अभिषेक कर मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया जाएगा।

आचार्य पंडित राजेंद्र पांडेजी ने इस संबंध में कहा कि सनातन धर्म में मन्दिर निर्माण, त्रिशूल स्थापना, मूर्ति स्थापना एवं देवाधिदेव महादेव पूजन का विशेष महत्व होता है। अपने आराध्य-पूज्य के मूर्त रूप को स्थापित करना व उसमें प्राणों की प्रतिष्ठा करना धर्म है। जिसके लिए धर्मनिष्ठ जितेंद्र सिंह,धर्मपत्नी राजेश्वरी सिंह, सुपुत्र वीर सिंह एवं सुपुत्री अवीरा सिंह ने इस धर्म को निभाया है।

# भगवान महावीर जयंती के अवसर पर भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में अध्यक्षता डॉ रामकुमार चतुर्वेदी ने की वहीं कार्यक्रम का संचालन अभय निर्भीक ने किया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सायरा सबीना अदीब ने अपने शेर शायरी गीत गजल से मंच को ऊंचाइयां प्रदान की आपके द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ वही बाराबंकी से आए प्रियांशु गजेंद्र ने भी अपने गीतों के माध्यम से मंच को ऊंचाइयां प्रदान की कार्यक्रम में सौरभ जयसवाल ने भी अनेक हास्य विनोद रचनाएं राखी नरसिंहपुर से आए बैरागी एवं जबलपुर से आई श्रुति जैन ने भी हास्य श्रृंगार की रचनाएं लोगों के समझ रखी। इसी क्रम में डॉ रामकुमार चतुर्वेदी ने भी अपनी संक्षिप्त रचना के माध्यम से इस आयोजन को ऊंचाइयां प्रदान की रात्रि में बारिश के चलते का आयोजन दूसरे प्रहर तक ही चल सका आयोजन को सफल बनाने में नितिन गोयल आलोक जैन प्रफुल्ल जैन नितिन जैन सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।

इस आयोजन में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सहित नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया एवं नगर के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल में लगी आग फसल जलकर हुई खाक..



**जगप्रेरणा खैरापलारी।**

विगत 29 मार्च को नवीन पलारी के किसान अंगूर ठाकुर के खेत में अचानक आग लग गई मौके पर समय से फायर ब्रिगेड न होने के कारण किसान अंगूर ठाकुर का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए समय पूर्व फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाती तो निश्चित ही किसान के होने वाले लाखों के नुकसान को बचाया जा सकता था।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन




**जगप्रेरणा केवलारी।**

आज 31 3.2026 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी अध्यक्ष सुभाष सिंह बघेल द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम एस डी एम ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन दिया गया.

जिसमें मोदी सरकार द्वारा महंगाई,गैस सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि , बिजली दरों में बढ़ोतरी पेट्रोल डीजल में उपलब्धता में पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान हैऔर किसानों की गेहूं खरीदी को लंबित किया जा रहा है जिससे किसान परेशान हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी मांग करती है गेहूं खरीदी दिनांक 01/04/2026 से किया जावे और जनता को मंहगाई से राहत एवं एल पी जी, पेट्रोल डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे एस डी एम ऑफिस पहुंचकर महेश अग्रवाल को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें सुभाष सिंह बघेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी के साथ राजेन्द्र पटेल मंडलम अध्यक्ष , रमाशंकर महोबिया संगठन मंत्री , रवि बघेल पूर्व जनपद सदस्य विनोद मोदी, रामप्रकाश बघेल मंडलम अध्यक्ष, अभय अग्रवाल मंडलम प्रभारी, ब्रम्हान सिंह बघेल मंडलम अध्यक्ष, चंद्रकुमार बघेल सेक्टर अध्यक्ष सुरेन्द्र जंघेला सेक्टर अध्यक्ष, सेवक साहू सेक्टर प्रभारी पुरूषोत्तम बघेल बी एल ए अध्यक्ष, विकराल बघेल पत्रकार एवं युवा कांग्रेस खिलेन्द्र धनकरे, व्यास तिवारी, भारत चंदेल उपस्थित थे ।

# टोल प्लाजा पर वाहन रोक कर ली गई तलाशी, 114 किलो गांजा बरामद

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नेशनल हाइवे-44 पर मादक पदार्थो की तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) भोपाल की टीम ने मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के***

आधार पर कार्रवाई करते हुए लगभग 114 किलो गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश के लखनादौन थाना क्षेत्र में की गई, जहां संदिग्ध वाहन को टोल प्लाजा के पास रोककर तलाशी ली गई।

## पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों का इस्तेमाल..

जांच के दौरान तस्करों ने बड़ी चतुराई से गांजे को छिपाने के लिए पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों का सहारा लिया था। डिब्बों के नीचे गांजे के पैकेट इस तरह छिपाए गए थे कि पहली नजर में किसी को शक न हो। हालांकि एनसीबी की सतर्क टीम ने बारीकी से जांच करते हुए पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया।

## छत्तीसगढ़ से बड़े पैमाने पर एमपी में गांजे की तस्करी..

नारकोटिक्स की टीम ने सिवनी में की बड़ी कार्रवाई पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों से 114 किलो गांजा बरामद किया गया. टोल प्लाजा पर वाहन रोककर तलाशी ली गई थी।

## लाखों में है गांजे की कीमत..

एनसीबी अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफएक महत्वपूर्ण कदम है। बरामद गांजे की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगा।

फिलहाल पुलिस और नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी पता करने में जुटी है कि रायसेन में गांजे की खेप किसे डिलीवर होनी थी।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दंपती गंभीर

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी ग्राम में सोमवार, 30 मार्च की रात एक सड़क हादसे में एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे खड़ी उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं चालक मौके से फरार हो गया।***

जानकारी के अनुसार राहुल विश्वकर्मा (40 वर्ष) अपनी पत्नी आरती विश्वकर्मा (35 वर्ष) के साथ अपनी बाइक के पास खड़े थे। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी उछलकर सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दंपती के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और फरार वाहन चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा
व्हेसल सिलर मशिन व्हेसल सिलर क्लॅम्प लेजर
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Scholar) CCKS (Guj)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग विशेषज्ञ
डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
मोबा. 09823021274

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक पर

## बालाघाट में सकल जैन समाज द्वारा धुमधाम से निकाली गई भव्य शोभायात्रा, चांदी के रथ में शोभायमान हुए भगवान महावीर..

### जैन भजन संगीत संध्या में विक्की डी पारेख ने जमाया सकल जैन समाज की एकता का समागम..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*अहिंसा के अवतार और जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव आज 31 मार्च 2026 को बालाघाट जिले में पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक, जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।*

सुबह से ही प्रातः कल सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी महावीर जनकल्याणक महोत्सव की नगर भ्रमण करते हुए निकली, जो वापस महावीर चौक में सम्पन्न हुई जिसमें जैन धर्मालंबियों ने जैन समाज का ध्वजारोहण चक्र चौक पर सम्पन्न किया। इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधुओं में से भाग्यशाली को लक्की ड्रा के माध्यम से चांदी के सिक्के का वितरण श्रीमती मधुमति अमीश मोनिल जैन, लुंकड़ परिवार भरवेली द्वारा किया गया, साथ ही सकल जैन समाज ने महावीर चौक का उन्नयन हेतु सर्व सहमति से पुरजोर मांग रखी। तत्पश्चात सभी जैन धर्मविलाबियों के साथ भव्य रथयात्रा और प्रभात फेरी निकाली गई।

श्री महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव समिति बालाघाट द्वारा सुबह 9:30 बजे में गाजे-बाजे के साथ महावीर जन्मोत्सव का जुलूस नगर भ्रमण के निकाला गया। पार्श्वनाथ भवन से महावीर चौक, नया सराफा, हनुमान चौक, सर्किट हाउस रोड से कृष्णा डेयरी रोड से वापस पार्श्वनाथ भवन पहुंचकर 'शोभायात्रा' का समापन किया गया। इस शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण पहली बार उडुपी ढोल नृत्य का प्रदर्शन रहा। बालाघाट का मुख्य आकर्षण बैगा नृत्य कार्यक्रम एवं सामाजिक भजनों के गीतों के साथ ध्वनि यंत्रों का भी समायोजन रहा। उक्त रैली जिसमें भगवान महावीर की मनमोहक प्रतिमा रथ पर विराजमान थी, वहीं उत्साहपूर्वक सकल जैन समाज बंधु महावीर का क्या संदेश जियो और जीने दो के साथ ही अहिंसा परमो धर्मः का नारा ल लगाकर संपूर्ण शहर को महावीर का संदेश दे रहे थे। स्थानीय जैन मंदिरों में भक्तों ने भगवान का स्वर्ण और रजत कलशों से अभिषेक किया। सामूहिक 'भक्तामर' पाठ और विशेष पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

### गौशालाओ और अस्पतालो मे की गई सेवाएं..

भगवान महावीर जन्मकल्याण के अवसर पर बालाघाट जैन समाज द्वारा गौशालाओं में चारा वितरण, अस्पतालों में मरीजों को फ्ल वितरण एवं पोषण कीट और प्याऊ की व्यवस्था जैसे परोपकारी कार्य किए गए। ज्ञात हो कि भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में लगातार 8 दिन विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। मुख्य रूप से बाइक रैली, वॉक फॉर अहिंसा, बच्चों के द्वारा साइकिल रैली, भक्तिमय भजन संध्या कॉन्सर्ट (विक्की डी पारेख), जैसे सामाजिक समरसता के अद्भुत एवं असमरणीय कार्यक्रम सम्पन्न हुए, जिसमें सकल जैन द्वारा समाज की सामाजिक एकता और एकरूपता से प्रभु महावीर की भक्ति देखने मिली।





### विक्की पारेख के भजनों में झुम उठा पुरा समाज..

गौरतलब है कि 30 मार्च की रात्रि में मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक विक्की डी पारेख का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें अपने गायन से विक्की डी. पारेख ने सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। जैन समाज के पुरुष, महिलाएं, बच्चे, युवा सभी भक्ति भाव से लीन होकर मदमस्त तरीके से भक्तमय माहौल में झूमते दिखाई दिए। छोटे बच्चे से लेकर समाज के वरिष्ठ ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए देर रात तक अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम में महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यगण के साथ सकल जैन समाज के सभी पदाधिकारी, जैन समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं बच्चे एवं सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष आदित्य अभय सेठिया, उपाध्यक्ष रोहित सुराणा, सचिव परख जैन, सहसचिव आगम जैन, कोषाध्यक्ष मानव चौरड़िया, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव वैद्य, मीडिया प्रभारी मोनिल जैन, कार्यकारणी सदस्य में दीपक छाजेड(मामा), दीपक बोथरा, प्रखर जैन, कुशल कांकरिया, राहुल बागरेचा, संकल्प जैन सहित सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं में अर्पित वैद्य, निशांत लोढ़ा, राहुल कांकरिया, हीरा लालवानी, संयम जैन, पवन बाफना आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बालाघाट में 01 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ 01 अप्रैल 2026 से होने जा रहा है। इस अवसर पर जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में उत्साहपूर्वक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।*

सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक जीपी बर्मन ने बताया कि जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 01 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सांदीपनि विद्यालय, बालाघाट में किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं स्वागत गीतों के साथ अभिनंदन किया जाएगा, साथ ही उन्हें पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रवेशोत्सव को उत्सव के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। प्रवेशोत्सव के माध्यम से शासन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

## बालाघाट में अवैध रूप से संचालित मौली पेथो-लेब पैथोलॉजी लैब पर हुई कार्रवाई..

### मौली पेथो-लेब के संचालक को किया गया कारण बताओ नोटिस जारी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं वैधानिक व्यवस्थाओं के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा मौली पेथो-लेब के संचालक श्री चंद्रशेखर पटले को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध दंडात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही की जाए।

चंद्रशेखर पटले को 07 दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मार्च 2026 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरेखा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. निषांत नंदा गौली के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल ने बालाघाट हॉस्पिटल लिमिटेड परिसर स्थित मौली पेथो-लेब का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच में सामने आया कि लैब का संचालन बिना वैध पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति के किया जा रहा था। साथ ही, अन्य क्लीनिक के पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं लाइसेंस का अवैध उपयोग किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान लैब में उपलब्ध रिपोर्ट्स पर पैथोलॉजिस्ट डॉ. मोनिका लिल्हारे के स्कैन किए हुए हस्ताक्षर पाए गए, जबकि उनकी नियमित उपस्थिति नहीं थी। निरीक्षण दल को यह भी जानकारी मिली कि लैब में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा ही जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाती थी और डॉक्टर के हस्ताक्षरयुक्त सील का उपयोग किया जाता था। इसके अलावा बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के लिए आवश्यक पंजीयन एवं अधिकृत संस्था से अनुबंध भी उपलब्ध नहीं पाया गया। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि चंद्रशेखर पटले निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं थे। वहीं, हॉस्पिटल परिसर में किराये पर संचालित इस लैब के अनुबंध का नवीनीकरण संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। जिस पर संबंधित संचालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एक्ट 1973 के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला बनता पाया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्हें 7 दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...

सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा

मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र

• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग

| अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
| जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता



डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274

साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404



भंडारा मे सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती

सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती में शामिल होने का अवसर, योग्यता 10 वी 12वीं पास। सैलरी 15 से 20 हजार रूपए, रहने की उत्तम सुविधा, पीएफ, ईएसआईसी, लीव सैलेरी, बोनस की सुविधा.. सनफ्लैग स्टील प्लांट भंडारा (वरठी),
संपर्क : 9766188388, 7030497666



आवश्यकता है..

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12 वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/युवती की आवश्यकता है।

- संपर्क -
9244872544/
9201340520


## बालाघाट मे जिला तेली साहू समाज द्वारा धुमधाम से मनाई गई भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती

**प्रवीण मदनकर को चुना गया निर्विरोध युवा जिला अध्यक्ष..**

**समाज को मजबूत करने सर्वसम्मति से लिया गया संकल्प..**






जगप्रेरणा बालाघाट।

*जिला तेली साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक एकता और संगठन विस्तार का संदेश दिया गया। खास बात यह रही कि युवा प्रकोष्ठ के*

जिला अध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में आपसी सहमति से प्रवीण मदनकर को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जिससे समाज में एकजुटता का मजबूत संदेश गया। जिला तेली साहू समाज द्वारा मंगलवार को स्थानीय होटल शीतल पैलेस में भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें समाज के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर, संरक्षक नारायण मदनकर, कोषाध्यक्ष गोधन लांजेवार, उपाध्यक्ष हीरा बावनकर, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी भोंगाड़े एवं उपाध्यक्ष सुनीता मानवटकर सहित अन्य गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे। सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने संत शिरोमणी माता कर्मा और संत जगनाडे महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने माता कर्मा के जीवन, उनके त्याग, सेवा और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक गाथाओं को साझा किया।

उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर बल दिया। साथ ही संगठन को मजबूत करने और जिलेभर में कार्यकारिणी का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का वितरण किया गया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समाज के सचिव संतोष समरिते द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार बावनकर ने किया।

### युवा जिला अध्यक्ष का इस तरह किया गया निर्विरोध चयन..

जयंती समारोह के दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष का निर्वाचन भी संपन्न हुआ, जिसने कार्यक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया। इस पद के लिए चार प्रत्याशी–प्रवीण मदनकर (बालाघाट), केशव बैस (सिहराटोला, वारासिवनी), शिव अगासे (सांवगी) और महेश मेहरकर (ग्राम खारी, लालबर्रा) ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी। हालांकि, समाज की एकजुटता को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रत्याशियों ने आपसी सहमति और विचार-विमर्श के बाद प्रवीण मदनकर को समर्थन दे दिया। इसके चलते उन्हें निर्विरोध युवा जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। प्रवीण मदनकर के निर्वाचित होने पर समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थितजनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने उन्हें शीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार करने, समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के निर्देश दिए।




### युवाओं को जोडकर समाज को करेंगे सशक्त–प्रवीण मदनकर

नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष प्रवीण मदनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की गाइडलाइन के अनुसार अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा और वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समाजहित में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से न केवल संगठन मजबूत होगा, बल्कि समाज के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

# परसवाड़ा बैठकी बाजार की नीलामी 14.10 लाख में संपन्न, बैठक में गहमागहमी के बाद पूरी हुई प्रक्रिया..






**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***ग्राम पंचायत परसवाड़ा में बुधवार, 30 मार्च को बुधवारी बैठकी बाजार की वार्षिक नीलामी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत में ही पंचों द्वारा पूर्व वर्षो के रिकॉर्ड प्रस्तुत करने की मांग को लेकर कुछ समय तक गहमागहमी की स्थिति बनी रही।***

माहौल तनावपूर्ण होने के बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की समझाइश के बाद स्थिति सामान्य हुई और नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। नीलामी में कुल 5 ठेकेदारों ने भाग लिया, जिन्होंने शासन के नियमों के तहत कुल 10,81,603 रुपए की अमानत राशि जमा कराई। इसके बाद खुली बोली की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें प्रतिस्पर्धा के चलते बोली लगातार बढ़ती गई। अंततः लामता निवासी लोकेश चावले ने 14 लाख 10 हजार रुपए की सर्वोच्च बोली लगाकर बाजार का ठेका अपने नाम किया। इस प्रकार बैठकी बाजार का ठेका एक वर्ष की अवधि के लिए उन्हें प्रदान किया गया।

ग्राम पंचायत सचिव महेश मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि नीलामी प्रक्रिया शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के अनुसार निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें इच्छुक ठेकेदारों ने भाग लिया और प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से अंतिम निर्णय लिया गया।

सरपंच गायत्री सुधीर कुमरे ने बताया कि बाजार नीलामी से प्राप्त राशि ग्राम पंचायत के विकास एवं रख-रखाव कार्यों में खर्च की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से बिजली बिल का भुगतान, साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के कार्य शामिल हैं।

यदि पिछले वर्षों की बात करें तो बैठकी बाजार की नीलामी राशि में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। वर्ष 2023-24 में यह बाजार 11 लाख 2 हजार रुपए में नीलाम हुआ था, जबकि वर्ष 2024-25 में यह राशि घटकर 6 लाख 6 हजार 830 रुपए रह गई थी। इसके बाद वर्ष 2025-26 में पुनः वृद्धि दर्ज करते हुए 12 लाख 41 हजार रुपए में नीलामी की गई थी। इस वर्ष 14 लाख 10 हजार रुपए की बोली लगना पंचायत के लिए आय में वृद्धि का संकेत माना जा रहा है।

बैठक में सरपंच गायत्री सुधीर कुमरे, उपसरपंच भजनलाल उइके, सचिव महेश मरकाम के साथ पंचगण अशोक चावले, संजय बारेकर, अनिल पंचतिलक, द्वारका वंशपाल, मीना कटरे, सुगनती कोकोटे, लक्ष्मीबाई कंगाले एवं महेश उइके उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी, पत्रकार बंधु एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

# एक ही चेहरे से 105 सिम जारीः बालाघाट में साइबर ठगी का बड़ा खुलासा, 3 एफआईआर दर्ज, एक आरोपी परसवाड़ा से गिरफ्तार..



**जगप्रेरणा परसवाड़ा/बालाघाट।**

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में साइबर अपराध का एक संगठित और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में दर्ज अपराध क्रमांक 184/2026 के तहत सायबर सेल की जांच में बड़े फर्जी सिम कार्ड रैकेट का खुलासा हुआ है, जिसमें एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर 105 सिम कार्ड जारी किए गए।

सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमलेश यादव द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने एक ही व्यक्ति की फोटो को अलग-अलग एंगल और एडिटिंग के जरिए 105 बार इस्तेमाल किया। इन फोटोज के साथ फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी जैसे दस्तावेज तैयार कर अलग-अलग नाम-पते से मोबाइल सिम कार्ड जारी कराए गए। इन सिम कार्डों का उपयोग साइबर ठगी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में किए जाने की आशंका है।

## इन एजेंटों/पीओएस संचालकों की मिलीभगत आई सामनेः

खुमेश उर्फ सौरभ सिंह, सय्यम (बाला जी मोबाइल), जगेश्वर (वोडाफोन आइडिया), खुमेश (बाला जी मोबाइल), संजय (आइडिया स्टोर स्टेशन), अनय (अनय मोबाइल), जांच में पाया गया कि इन एजेंटों ने बिना वैध केवाईसी सत्यापन के सिम कार्ड जारी किए और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। मामले में आईपीसी की धारा 419, 420, 465, 468, 471, 34 के साथ-साथ आईटी एक्ट की धारा 66ष्ट, 66ष्ठ और दूरसंचार अधिनियम 2023 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बालाघाट पुलिस ने इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच शुरू कर दी है।

## तीन और एफआईआर दर्ज, जांच तेज-

सायबर सेल को जांच के दौरान इसी प्रकार के और मामलों के सुराग मिले हैं। इसके आधार पर पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में तीन और अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। सभी मामलों में एक ही तरह के फर्जीवाड़े का पैटर्न सामने आने से यह एक बड़े संगठित गिरोह की ओर इशारा कर रहा है।

## परसवाड़ा से एक आरोपी गिरफ्तार-

इसी कार्रवाई के तहत परसवाड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी खुमेश गौतम पिता रविन्द्र गौतम को गिरफ्तार किया है, जो ग्राम भोरवाही का निवासी है। आरोपी से पूछताछ में गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में अहम जानकारी मिलने की संभावना है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह फर्जी सिम कार्ड जारी कर देशभर में साइबर अपराधों को अंजाम देने में सक्रिय था। अब यह जांच की जा रही है कि इन सिम कार्डों का उपयोग किन-किन ठगी या ऑनलाइन अपराधों में किया गया।

## पुलिस की अपील-

बालाघाट पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पहचान दस्तावेज किसी के साथ साझा न करें और सिम कार्ड लेते समय पूरी प्रक्रिया का सत्यापन जरूर करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर सेल को दें।

# सरसों की भावांतर योजना के तहत खरीदी अब 16 अप्रैल से शुरू होगी

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मध्यप्रदेश शासन ने सरसों उत्पादक किसानों को राहत देते हुए भावांतर भुगतान योजना के तहत सरसों की खरीदी की तिथि में बदलाव किया है। पहले यह खरीदी 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होना निर्धारित थी, अब इसे आगे बढ़ाकर 16 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में जारी निर्देश के अनुसार, नई तिथि से प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीदी की जाएगी। इस निर्णय से किसानों को अपनी उपज की बेहतर तैयारी और विक्रय के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बालाघाट जिले में भावांतरण योजना में सरसों के विक्रय के लिए 2154 किसानों का पंजीयन किया गया है। भावांतरण योजना में सरसों की खरीदी जिले की 07 कृषि उपज मंडी में की जाएगी। सरसों का समर्थन मूल्य 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। भावांतरण योजना में सरसों की खरीदी के लिए जिले के मंडी स्तरीय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। भावांतर योजना में सरसों की खरीदी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जाएगी और नीलामी के दौरान व्यापारियों द्वारा बोली लगाने की सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाएगी।

जिले के मंडी स्तरीय खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने नजदीकी खरीदी केंद्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें। भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों को बाजार भाव और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान किया जाता है, जिससे उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। सरकार के इस निर्णय को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

## कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री परमानन्द पन्द्रे, सरपंच
श्री मंगलू निषाद, उपसरपंच
श्री योगेश शर्मा, सचिव/जीआरएस

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाकीगुड़ा
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री झामसिंह टेकाम, सरपंच
श्रीमती निर्जला पंचतिलक, उप सरपंच
श्री कार्तिकराम धुर्वे, सचिव
श्री बसंत मालाधारी, रोजगार सहायक
सुश्री शक्ति पंचेश्वर, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सायल
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमति धनेश्वरी बतारू मेरावी, सरपंच
श्री दीपलाल बोपचे, उप सरपंच
श्री दशरथ ठाकरे, सचिव
अनील मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवगाव
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमति चंद्रकला लखन मेरावी, सरपंच
श्री नरबद सिंह परते, उप सरपंच
श्री चिमन मेरावी, सचिव
श्री हेमेन्द्र श्रीसागर, रोजगार सहायक
कु. गोल्डी धूर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत केडा टोल्ड
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमति जुगनी कमल मेरावी, सरपंच
श्री मंजीत सय्यम, उप सरपंच
संतोक सिंह धुर्वे, सचिव
श्रीमति लीकेश्वरी श्रीसागर, रोजगार सहायक
सुश्री रेशमी मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत रेलवाही
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री छोटूसिंह मरकाम, सरपंच
भूपेन्द्र यादव, उप सरपंच
श्री राजुसिंग उइके, सचिव
सुश्री कान्ति धुर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत घुमुर
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री जयपाल सिंह तिलगाम, सरपंच
संनसिंह धूर्वे, उप सरपंच
रफिक खान, सचिव
महेश नेताम, रोजगार सहायक
सुश्री धनकुवर मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुदमा
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री नागेश्वर सिंह टेकाम, सरपंच
बुद्धदिग मरकाम, उप सरपंच
संतोक सिंह धुर्वे, सचिव
संदीप मेरावी, रोजगार सहायक

## कार्यालय ग्राम पंचायत कटंगी
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

अनुराधा जासवंत मेरावी, सरपंच
सूमती धुर्वे, उप सरपंच
श्री बाबुलाल, सय्यम सचिव
श्री दुर्गा प्रसाद पंद्रे, रोजगार सहायक
सुश्री उषा धुर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदाबेहरा
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती मीना महेश मेरावी, सरपंच
श्रीमती रसीला मुन्ना लाल कटारे, उप सरपंच
श्री दुर्गाप्रसाद रहांगडाले, सचिव
श्रीमती मानसी महेन्द्र भगत, मोबेलाईजर










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# गुडरुघाट में वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा का भव्य अनावरण, विधायक गौरव पारधी एवं विधायक अनुभा मुंजारे रहे उपस्थित..

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***खैरलांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम गुडरुघाट में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रानी अवंती बाई लोधी संगठन गुडरुघाट के तत्वाधान में किया गया,***







जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी एवं बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विधिवत प्रतिमा का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया तथा पुष्प अर्पित कर वीरांगना को श्रद्धांजलि दी।

## प्रतिमा समर्पण पर विधायक गौरव पारधी ने जताया आभार

कार्यक्रम में कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा समर्पित करने के अवसर को अपने लिए सौभाग्य बताया और इसके लिए आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कार्य समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ते हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने रानी अवंती बाई के साहस, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। साथ ही शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा गया कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उन्नति के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया गया कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलें तथा समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार नगपुरे (अध्यक्ष, किसान गर्जना संगठन बालाघाट) एवं अनिल मस्करे (सरपंच, सावरगांव) ने की। विशेष अतिथि के रूप में दिलीप बिसेन (सरपंच, गुडरुघाट), दुर्गा प्रसाद लिल्हारे (जनपद उपाध्यक्ष, खैरलांजी), खेमराज दमाहे (अध्यक्ष, भाजपा कामगार मोर्चा नागपुर), जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके एवं सुनीता मानसिंह बहेटवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दीपेश्वरी लिल्हारे, आलोक पाटिल (जनपद सदस्य), गणेश नागपुरे (पूर्व जनपद सदस्य), योगेश सुलाकिया, चंदूलाल उपवंशी, छोटू लिल्हारे, कृष्ण कुमार दमाहे सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र लिल्हारे, उपाध्यक्ष थान सिंह मस्करे, सचिव चैनलाल उपवंशी, कोषाध्यक्ष धुर्वेसन दशहरे, संचालक श्रवण कुमार उपवंशी एवं अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत वारासिवनी नगर में सार्वजनिक कुओं का निरीक्षण..

## साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार के दिए मौके पर निर्देश



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***वारासिवनी नगर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु शासन के निर्देशानुसार 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत 'स्वच्छ कुआं - सुरक्षित जल, यही है स्वस्थ जीवन का संबल÷ भावना को लेकर विशेष गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।***

यह अभियान 19 मार्च (प्रतिपदा) से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक जारी रहेगा। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके द्वारा 31 मार्च को वारासिवनी नगर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक कुओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुओं का चिन्हांकन करते हुए उनकी साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कराया गया तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के निर्देश दिए गए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री उसके ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल स्त्रोतों की सफाई एवं नवीनीकरण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल वितरण प्रणाली की सफाई, रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना, बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत, सोकपिट निर्माण तथा पाइपलाइन लीकेज सुधार जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

नगर के सभी सार्वजनिक कुओं की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाएंगे, जिससे गर्मी के मौसम में जल स्तर बना रहे और आम नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जल गुणवत्ता में सुधार तथा आमजन को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है।

अभियान के दौरान कुओं में जमा कचरा, गाद एवं अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर गहन सफाई की जा रही है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, कीटाणुनाशक छिड़काव एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अभियान के माध्यम से पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा कुओं में कचरा न डालें। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा और नगर के अन्य जल स्त्रोतों को भी चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा।

अभियान में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे यह पहल सफल रही।

# इनरव्हील क्लब ऑफबालाघाट टाइगर्स द्वारा किया गया किन्नरो का सम्मान एवं फूलों की होली एवं महिला दिवस का कार्यक्रम









जगप्रेरणा बालाघाट।

***इनरव्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स के अध्यक्ष राधिका असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांधी स्टील्स स्थित सोनल गांधी के निवास पर इस माह के विभिन्न पावन अवसरों के संगम पर एक भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, होली एवं नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को एक साथ मनाते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक एकता का सुंदर संदेश दिया गया।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किन्नर समाज का विशेष सम्मान किया गया। किन्नर समाज हमारे समाज का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिनका आशीर्वाद शुभ और मंगलकारी माना जाता है। उनके सम्मान के माध्यम से समानता, सम्मान एवं समावेशिता का संदेश दिया गया, जो समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।

साथ ही, इस माह होली के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में राधा-कृष्ण संग फूलों की होली का भी आकर्षक समावेश किया गया। सभी सदस्याएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी उपस्थित हुईं और फूलों की होली खेलते हुए प्रेम, उल्लास एवं भक्ति के रंगों में सराबोर नजर आईं, जिससे पूरा वातावरण वृंदावन की छटा से सराबोर हो उठा। वहीं, नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कन्या पूजन एवं माता पूजन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी सदस्याएं अपने-अपने घरों से कन्याओं के लिए विविध प्रकार के स्वादिष्ट पकवान एवं उपहार लेकर आईं और श्रद्धा भाव से उनका पूजन किया। नन्हीं कन्याओं के चेहरे पर खुशी और संतोष के भाव कार्यक्रम की सुंदरता को और बढ़ा रहे थे।

इन सभी आयोजनों के संगम के साथ यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याओं की सक्रिय उपस्थिति रही और सभी ने मिलकर हंसी, मस्ती और अपार खुशियों के साथ इस आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष राधिका असाटी सचिव सोनल गांधी सहित सदस्या प्रियंका जयसवाल शिखा चावड़ा सारिका शांडिल्य सौम्या बेदी ममता चंदेल अर्चना गुप्ता रिया पसरीचा मनीषा छुट्टनी गुरुमीत त्रिवेदी श्रद्धा पंडित वंदना नवानी युक्ति रंगलानी हेमा हसवानी आज्ञा चावड़ा आयुषी मिश्रा शालू गांधी ममता गांधी रितु जैन बबीता अग्रवाल माधुरी अग्रवाल प्रीति सेठिया रेखा बनोदिया वर्षा जैन वर्षा चंदानी रानी धनवानी मिस्टी सोमानी के साथ-साथ अन्य सदस्या भी मौजुद रहे।

# कोचेवाड़ा आंगनवाड़ी से निर्मला साकुरे की भावुक विदाई: सेवा के 26 वर्ष हुए पूरे

जगप्रेरणा कोचेवाड़ा (बालाघाट)।

***ग्राम कोचेवाड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यरत निर्मला साकुरे जी के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपने जीवन के 26 गौरवशाली वर्ष बच्चों के पोषण,***



स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा के लिए समर्पित करने के बाद, आज उनकी विदाई पर पूरे केंद्र और ग्रामीणों की आँखें नम हो गईं।

## ममता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और सहयोगियों ने निर्मला जी के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने केवल एक कर्मचारी के रूप में नहीं, बल्कि एक अभिभावक और मार्गदर्शक के रूप में कार्य किया। कोचेवाड़ा के सैकड़ों बच्चों को उनके हाथों से प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार मिले हैं। वक्ताओं ने कहा कि उनके 26 वर्षों के निस्वार्थ परिश्रम ने केंद्र को एक नई पहचान दी है।

## सबको खली कमी

विदाई की बेला में सहकर्मियों ने बताया कि निर्मला जी का व्यवहार हमेशा मिलनसार और सहयोगात्मक रहा। गाँव की महिलाओं और बच्चों के साथ उनका जुड़ाव इतना गहरा था कि आज उनकी विदाई के समय हर किसी को उनकी कमी महसूस हो रही है। समारोह के अंत में उन्हें श्रीफल, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## उज्ज्वल भविष्य की कामना

ग्रामवासियों और आंगनवाड़ी स्टाफ ने उनके सुखद और स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# कक्षा दूसरी मे मायशा सोहाने ने 99.07 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल स्थान किया हासिल..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***सरदार पटेल इंटरनेशनल स्कूल बालाघाट की होनहार छात्रा मायसा ने कक्षा दुसरी मे अपनी प्रतिभा का परिचय कराते हुये 99.07 अंक हासिल कर अव्वल स्थान हासिल किया है।***




इस शानदार परिक्षा परिणाम मे माता पिता शुभी व महेश सोहाने वारासिवनी सहित इष्ट मित्रो ने बधाई प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो की शिक्षा के अलावा मायसा न्रत्य व संगीत मे भी विशेष योग्यता रखती है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो.. 9329033433

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

॥ श्री जीणमाता की जय ॥

॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।




वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# लांजी नगर व क्षेत्र में श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हो रही तैयारियां, सजने लगे मंदिर और चौराहे..

जगप्रेरणा लांजी।

***धर्म नगरी लांजी में भक्ति श्रृद्धा आस्था के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव, प्रकटोत्सव कार्यक्रम 2 अप्रैल को आयोजित किये जायेंगे। श्री हनुमान मंदिरो की साज सज्जा पूर्ण की जा रही है***



धार्मिक अनुष्ठान, भण्डारे महाप्रसाद के लिये तैयारियॉ जोरो पर है। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो के द्वारा नगर एवं क्षेत्र के लगभग सभी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के नये श्री राम मंदिर गुजरी चौक लांजी में भी माँ सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

बतादे कि नये श्री राम मंदिर में स्थापित श्री हनुमान जी की प्रतिमा का प्रातः 7 बजे कपिल अग्रवाल एवं एस कुमार्स परिवार के द्वारा अभिषेक पूजन प्रसादी वितरण किया जायेगा। माँ सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आदर्श महिला मण्डल के द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ किया जायेगा इसके पश्चात समिति के द्वारा महाआरती तथा शाम 7 बजे से महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। संपूर्ण आयोजन के सेवार्थ माँ सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष लालू अग्रवाल, राजू गोस्वामी, संदीप अग्रवाल, उमाकांत उपराड़े, अमित पाण्डे, संतोष महोबिया, गिरीश अग्रवाल, संतोष भार्गव, पलाश गोस्वामी, सागर पाण्डे, मुकेश महोबिया, राजा वानखेड़े, पप्पू पाण्डे, तरूण किरनापुरे, जय श्रीवास्तव, सचिन मिश्रा, राजा कालबेले, ओपी चोरवाड़े, पंकज महोबिया, अतुल महोबिया, पार्थ पाण्डे, डॉ सुधांशु कलचुरी, अभय पाण्डे, डॉ हिमांशु कलचुरी, मोनू मिश्रा, विक्कू कालबेले, अरविंद मिश्रा, अनमोल खरगाल, प्रतीक गोस्वामी, अंकित सिंह बैस, हर्ष बक्शी, ओम कालबेले, वेदांत पालीवाल, तरूण उपाध्याय, कुणाल गोस्वामी, बादल घोरमारे, सौरभ अग्रवाल, अरविंद दुबे, सम्राट बैस, अंकू पाण्डे, आर्यन पाण्डे, यश अग्रवाल, आर्यन उके, कमलेश गुरदे, कार्तिक कचवाहे, मयंक कुशले, तनु दुबे, शांतनु मानकर, शानू पाण्डे, देवेश पाठक, संजू यादव, ऋषभ बदरी, दीशांत बडमे, सदानंद चोरवाडे, विजय पाण्डे, राज झा, तेजस बिलगौर, वैभव नगपुरे, हर्ष तिवारी, मोहित यादव, प्रशांत महोबिया, सचिन पाण्डे, महेन्द्र कौशिक, आकाश महोबिया ने समस्त धर्म प्रेमियो से उक्त कार्यक्रमों में पंहुचने की अपील की है।

# कारंजा में सामुदायिक बीज बैंक का विधायक कर्राहे ने किया शुभारंभ..

**किसानों के लिए लाभकारी गोदाम का होगा निर्माण..**

जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कारंजा में आजीविका मिशन अन्तर्गत सामुदायिक बीज बैंक संचालित किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 31 मार्च को क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे ने फीता काटकर किया।***



बतादे कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला पंचायत बालाघाट मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफएवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बालाघाट के जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री स्वेता मेहतो के मार्गदर्शन में विकासखण्ड लांजी में संचालित पहल आजीविका संकुल स्तरीय संगठन ग्राम कारंजा में सामुदायिक बीज बैंक का शुभारंभ किया गया एवं प्राप्त बीजो को बढाने के लिए बीज बैंक सखी उमेश्वरी मच्छिरके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सामुदायिक बीज बैंक का शुभारंभ लांजी विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा पूजन अर्चन एवं फिता काटकर किया गया। उक्त अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखण्ड प्रबंधक राजाराम परते ने सामुदायिक बीज बैंक की महता एवं पारम्परिक बीजो को बढावा देने के लिए बीज संरक्षण हेतु बीज बचाने के लिए चर्चा की गई किसानो को गुणवंता पूर्ण बीज के उपलब्धता हो जैसे कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, मंडिया, कुरथी, कासीसेमी, छोटी चना, सफेद मटर, पोपट, चना, काली तिल्ली मसुर, मूंग, मक्का, उड़द, हल्दी, मिर्ची, धनिया, तुअर सफेद हल्दी एवं विभिन्न प्रकार के धान, गेंहू देशी सब्जी बीज आदि फसलो को बढावा देना एवं प्रोत्साहित करने हेतु सलाह दी गई। इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि निश्चित रूप से यह शासन की किसानो के लिये बेहतर पहल है। इससे किसानो को बेहतर बीज उपलब्ध हो पायेंगे और वे उत्कृष्ट एवं लाभकारी फसले प्राप्त कर सकते है।

आगामी समय में हमारे द्वारा एक गोदाम का भी निर्माण किया जायेगा जो कि किसानों के लिये हितकारी होगा। कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी सौरव मासुरकर ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा की स्व सहायता समूहों की भागीदारी से परम्परागत खेती को बढावा मिलेगा और रसायनिक उर्वरकों व कीट नाशकों के दुषप्रभावों से बचा जा सकेगा उन्होंने विभाग की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पहल संकुल स्तरीय संगठन के अध्यक्ष सरीता मस्करे, सचिव स्वाति नगपुरे एवं सकुल स्तरीय संगठन में कार्यरत सीआरपी दीदी एवं विकासखण्डं स्तर में संचालित समस्त सीएलएफ के सक्रीय सदस्य, उपस्थित रहें।

# भारत माता पब्लिक स्कूल का बोर्ड परिक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत..

जगप्रेरणा लांजी।

***राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम विगत 25 मार्च को घोषित किया गया***





जिसमें नगर में संचालित शिक्षण संस्था भारत माता पब्लिक स्कूल लांजी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय में कक्षा आठवीं में कुल 18 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए इसी प्रकार कक्षा पांचवीं में कुल 47 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें भी सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए इस प्रकार विद्यालय का पांचवीं और आठवीं का कुल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा।

## इन छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन..

कक्षा आठवीं एवं पांचवी में जिन छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावको का नाम गौरवान्वित किया है उनमे कक्षा आठवीं में सोनाक्षी महेश नौखरे 88.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, ओजस लिकेश ऐड़े 87.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय और प्रणवी आसाराम कुशले 86.1 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान को प्राप्त किया। इसी क्रम में भूमि भैयालाल हनौते ने 85.5 प्रतिशत, सृष्टि संजय कोठारे 84.66 प्रतिशत, उमैर इदारिस खान ने 83 प्रतिशत, भूमिका महेश नगपुरे ने 82.66 प्रतिशत, शिवम युवराज कुटे ने 82.1 प्रतिशत, भव्य भरतलाल नेवारे ने 81.1 प्रतिशत, हर्ष राधेश्याम घोरमारे ने 80.83 प्रतिशत, हिमांशु सतीश किरनापुरे ने 80 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं में कु वंशिका नोहेश भटेरे 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, खुशी प्रमोद दहीकर 91.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान और अवनी ताराचंद दुरूगकर ने 90.25 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान को प्राप्त किया है, इसी क्रम में भाग्यश्री लिलाधर चिखले ने 90 प्रतिशत, धैर्य रतनलाल इनवाती ने 89.75 प्रतिशत, कनक शंकरलाल सोनवाने ने 89.5 प्रतिशत, वैभव किताबचंद बिसेन ने 86.25 प्रतिशत, प्रियांश शोभाराम रामटेक्कर 86 प्रतिशत, काम्या मनोज येरपुड़े ने 85 प्रतिशत, प्रियांशी विजय वंजारी 84.75 प्रतिशत, खुशी खुमराज ठकरेला ने 83.25 प्रतिशत, आरव रविन्द्र पनोरे ने 82.5 प्रतिशत, मिस्टी सजेन्द्र नेवारे ने 80.5 प्रतिशत, श्रेया सुभाष डहाटे ने 80.25 प्रतिशत, मयंक कैलाश पंचेश्वर ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है, उनकी इस सफलता पर विद्यालय के संचालक गुलाबचंद लोधी एवं बिनिश मैथ्यू तथा विद्यालय के शिक्षक चितरंजन दास दमाहे, निजिन रेज़ी, शिवम रामटेक्कर, पार्वती बापुरे, काजल पांडे, मधु खलखो, प्रियंका कुजुर, नीलम पांडे, अनु बिलावर, सोनाली मुरकुटे, घनप्रिया डोंगरे, मोना महोबिया, लेखेश्वरी जाम्भुरे, असरिन खाखा, छाया बिसेन, प्रभा कांडुलना, निमंती कांडुलना,सारिका पालेवाल, सरिता बिहोने एवं समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित की है।

# नए सत्र में 10 स्कूलों के लिए भवन हुए स्वीकृत, जप उपाध्यक्ष अवसरे ने शासन का जताया आभार

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी विकासखण्ड के लगभग 10 जीर्ण शीर्ण स्कूल भवनों के स्थान पर नये स्कूल भवन बनने जा रहे है जिसकी स्वीकृति भी मध्यप्रदेश शासन के द्वारा की जा चुकी है।***



नये स्कूल भवनों के स्वीकृत होने से निश्चित रूप से शिक्षा के स्तर को एक बेहतर आयाम मिलेगा। जिस पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुये जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा कि निश्चित रूप से नये स्कूल निर्माण से विद्यार्थीयो को एक बेहतर वातावरण मिलेगा, शिक्षा के स्तर में सुधार आयेगा। विद्यार्थियो को सुरक्षित एवं बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा।

क्षेत्र के जिन 10 स्कूलो में नये भवन निर्मित होने जा रहे है उनमें प्राथमिक शाला महाजन टोला टेड़वा, लागत18.25 लाख रुपये, प्राथमिक शाला बोरीकला लागत-10.61 लाख रुपये, प्राथमिक शाला छेरका टोला लागत- 18.25 लाख रुपये, प्राथमिक शाला अंधीयाटोला लागत 18.25 लाख रुपये, प्राथमिक शाला परसाटोला लागत 18.25 लाख रुपये, प्राथमिक शाला बकरामुंडी लागत 10.61 लाख रुपये, प्राथमिक शाला लाल टोली, साड़रा लागत 10.61 लाख रुपये, प्राथमिक शाला भिमोड़ी लागत 18.25 लाख रुपये, प्राथमिक शाला भूरसाडोंगरी लागत 18.25 लाख रुपये, प्राथमिक शाला बेनेगांव लागत 10.61 लाख रुपये से निर्मित किये जा रहे है।

अजय अवसरे ने कहा कि नवीन स्वीकृत यह 10 नये स्कूल भवन लांजी विकासखण्ड के शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पुराने स्कूल भवन बेहद ही जर्जर अवस्थाओं में पंहुच चुके है जिनके निर्माण की मांग लगातार उठ रही थी, विद्यार्थियो को इन पुराने भवनों में असुविधाऐं भी काफी हो रही थी वहीं शिक्षको को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अब जब नये भवन स्वीकृत हो चुके है तो निश्चित रूप से विद्यार्थियों एवं शिक्षको को एक सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिलेगा। आधुनिक तौर पर निर्मित इन स्कूल भवनों में बेहतर कक्षाऐं, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाऐ प्राप्त होगी अवसरे ने कहा कि निश्चित रूप से यह कदम शिक्षा के स्तर को नई उंचाईयॉ तक पंहुचाने में लाभकारी सिद्ध होगा। सभी स्कूल भवनों के निर्माण अतिशिघ्र प्रारंभ किये जाकर निश्चित समय में पूर्ण किया जाये ताकि विद्यार्थियो एवं शिक्षक को शिघ्रता से नवीन स्कूल भवनों का लाभ प्राप्त हो सके।

## चौपहिया वाहन व मोटर साइकिल की भिड़ंत..

# दुर्घटना में सचिव यशवंतराव मलाये गंभीर रूप से घायल

जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़कापार के पंचायत सचिव यशवंतराव मलाये सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कराया गया है,***



जहां डॉक्टरों ने उच्चतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया है। घटना मंगलवार, 31 मार्च 2026 को सुबह लगभग 10:30 बजे की बताई जा रही है। पंचायत सचिव यशवंतराव मलाये, जो ओटेकसा के निवासी हैं, अपनी मोटरसाइकिल पर रिसेवाड़ा पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर वापस लौट रहे थे। बम्हनवाड़ा के समीप लांजी की ओर से आ रहे एक छोटे फोर व्हीलर वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में यशवंतराव मलाये के पैर और एक हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को बुलाया गया और उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर कर दिया है।

# उच्च श्रेणी शि. दुलीचंद बरगैया की सेवा निवृत्ति पर दी भावभीनी बिदाई

जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पितकोना संकुल डाबरी, विकासखंड बिरसा, जिला बालाघाट के उच्च श्रेणी शिक्षक एवं प्रधानपाठक दुलीचंद बरगैया जी 31 मार्च 2026 को शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हो गए।***





श्री दुलीचंद बरगैया जी की प्रथम नियुक्ति 23 जून 1986 को राजनांदगांव जिले में हुई थी। उन्होंने लंबे समय तक शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान की। सरल स्वभाव और सौम्य व्यक्तित्व के धनी श्री बरगैया जी अपने सहयोगियों एवं विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे। सेवानिवृत्ति अवसर पर पितकोना शाला में एक भावपूर्ण विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश डोहरे (डाबरी), जनशिक्षक राधेश्याम घुले, घनश्याम बसोने, शिक्षकगण तुकाराम घोरमारे, कैलाश हरिणखेड, सपनील येड़े, विवेक कुमार खोगंल, तिलकचंद नारनौरे, प्रकाश बुर्रे, नरेश गजबे, डुडेश्वर गुरदे, मनोज मोरघडे, चदेले सर, सुशील येडे, महेश बिसेन, शिवकुमार बनोठे, निरंजन ठाकरे, किशन बागड़े, रूपलाल चौधरी, गामेश्वर हरिणखेड़े, अनिल कुमार मडावी, नवनीत गोड़ाने, बोरकर सर, संतोष रामटेक्कर, कृष्णकुमार लिल्हारे तथा अन्य शिक्षक साथियों ने भाग लिया। शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों, ग्रामीणजनों तथा परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति में श्री बरगैया जी को भावभीनी विदाई दी गई। सभी उपस्थितजनों ने दुलीचंद बरगैया जी के उज्ज्वल भविष्य, सुखमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा ईश्वर से उन्हें दीर्घायु जीवन प्रदान करने की प्रार्थना की।



जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## विकास की जिम्मेदारी निभाता करदाता..

व्यक्तियों से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है। राष्ट्र में जिम्मेदार व्यक्ति के लिए समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदारी होती है। हमें अच्छे समाज का निर्माण करने के लिए हमारा मानना है कि अपने पारिवारिक दायित्वों निर्वाह के साथ- साथ देश और समाज के प्रति दायित्वों कि जिम्मेदारी निर्वाह भी पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। एक देश के नागरिक होने के नाते कुछ दायित्वों का पालन व्यक्तिगत रूप से करनी चाहिए। ये भारत के नागरिकों के लिए आवश्यक है कि वो वास्तविक में आत्मनिर्भर बनें।

इसी जिम्मेदारी को परिपूर्ण करते हुए देश के विकास के लिए देश में लगभग कुल आबादी का 6त्न से 8त्न के बीच भारतीय द्वारा आंकड़ों का परिवर्तन प्रतिवर्ष अलग होता रहता है अपनी जिम्मेदारी का निर्माण करते हुए देश में अपनी आय के अनुसार कर देकर देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं इससे देश में होने वाले विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है कर के महत्व की स्थिति को समझने से पहले हम कर को समझते हैं, टैक्स शब्द लैटिन शब्द ÷टैक्सो÷ से आया है। कर एक अनिवार्य शुल्क या वित्तीय शुल्क है जो सरकार द्वारा सार्वजनिक कार्यों के लिए राजस्व जुटाने के लिए किसी व्यक्ति या संगठन पर लगाया जाता है। फिर एकत्रित राशि का उपयोग विभिन्न सार्वजनिक व्यय कार्यक्रमों को निधि देने के लिए किया जाता है।

### इनकम टैक्स एक्ट 1961

सरकार की ओर से डायरेक्ट टैक्स प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक एडवाइजरी कमेटी गठित की गई थी। इसी के द्वारा आज के समय में लागू इनकम टैक्स एक्ट 1961 लाया गया, जो 1 अप्रैल, 1962 से लागू हुआ था।

### भारत सरकार टैक्स क्यों लेती है?

कर करदाता द्वारा किया जाने वाला ऐसा अनिवार्य अंशदान है जो कि सामाजिक उद्देश्य जैसे आय व संपत्ति की असमानता को कम करके उच्च रोजगार स्तर प्राप्त करने तथा आर्थिक स्थिरता व वृद्धि प्राप्त करने में सहायक होता है। कर एक ऐसा भुगतान है जो आवश्यक रुप से सरकार को उसके बनाए गए कानूनों के अनुसार दिया जाता है।

### कर कितने प्रकार के होते है?

कर दो अलग-अलग प्रकार के होते हैं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर. इन करों को क्रियान्वित करने के तरीके भी अलग होते हैं. कुछ आपके द्वारा सीधे भुगतान किए जाते हैं, जैसे कि आयकर, संपत्ति कर, कॉर्पोरेट कर आदि जबकि अन्य अप्रत्यक्ष कर हैं, जैसे कि मूल्य वर्धित कर, सेवा कर, बिक्री कर इत्यादि.

### भारत में कितने कर हैं?

प्रत्यक्ष कर में आयकर, उपहार कर, पूंजीगत लाभ कर आदि शामिल हैं जबकि अप्रत्यक्ष कर में मूल्य वर्धित कर, सेवा कर, वस्तु एवं सेवा कर, सीमा शुल्क आदि शामिल हैं। भारत की केंद्र सरकार सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, आयकर और सेवा कर जैसे कर लगाती है। विभिन्न करो से प्राप्त आय से ही देश में विकास के कार्यों को गति मिल पाती है वह देश निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर होता रहता है हमारे देश के सारे करदाताओं की योगदान देश की प्रगति के लिए आवश्यक हैं। नोट प्राप्त जानकारियां आंकड़े या करो के प्रकार समय-समय पर परिवर्तित हो सकते हैं सभी प्रकार की जानकारियां समय के अनुसार परिवर्तित हो सकती है।

लेखक



अधिवक्ता हिमांशु प्रकाश मुरकुटे

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते है। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*

## टैलेंट की ताकत बनाम ताकत का टैलेंट-नोबेल शांति पुरस्कार: प्रतिष्ठा या राजनीति?-वैश्विक राजनीति, शक्ति- संतुलन और बदलती विश्व व्यवस्था और नेतृत्व की नई भाषा -समग्र विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है,जहां पारंपरिक कूटनीति,सैन्य शक्ति,आर्थिक प्रभुत्व और व्यक्तिगत नेतृत्व शैली एक- दूसरे से टकरा रहे हैं। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प जैसे नेताओं के दौर में यह प्रश्न और अधिक प्रासंगिक हो गया है कि क्या आज की दुनिया टैलेंट की ताकत से चल रही है या ताकत का टैलेंट हावी हो चुका है। यह बहस केवल वैचारिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक और वैश्विक प्रभावों से जुड़ी हुई है,जिसमें युद्ध,शांति,कूटनीति और प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे नोबेल पीस प्राइज भी शामिल हैं।ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका फर्स्ट नीति ने वैश्विक राजनीति में एक नई आक्रामकता और अनिश्चितता को जन्म दिया। टैरिफयुद्ध, आर्थिक प्रतिबंध, और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर दबाव ये सभी संकेत देते हैं कि अमेरिका अब केवल नेतृत्व नहीं, बल्कि नियंत्रण कीभूमिका में आना चाहता है। यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा युक्रेन को समर्थन देना, फिर रूस के साथ रणनीतिक संतुलन बनाना, यह दर्शाता है कि नीतियां अब स्थायी नहीं बल्कि परिस्थितिजन्य हो चुकी हैं।यह टैलेंट नहीं बल्कि ताकत का उपयोग अधिक प्रतीत होता है।मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव विशेषकर ईरान , इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में दुनियाँ को एक नए ऊर्जा संकट की ओर धकेल रहे हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि स्ट्रैट ऑफ़ होर्मूज़ जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों परनियंत्रण की राजनीति यह दर्शाती है कि ऊर्जा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि सामरिक हथियार बन चुकी है। ट्रंप द्वारा स्ट्रेट ऑफट्रंप कह देना भले ही एक मजाकिया भूल हो,लेकिन यह उनके आत्मविश्वास और शक्ति-केंद्रित मानसिकता को उजागर करता है।नोबेल कमिटी द्वारा दिया जाने वाला नोबेल शांति पुरस्कार हमेशा से वैश्विक शांति और मानवता के लिए योगदान का प्रतीक रहा है। लेकिन जब कोई शक्तिशाली नेता यह कहता है कि अगर मुझे यह पुरस्कार नहीं मिला तो किसी को नहीं मिलना चाहिए,तो यह पुरस्कार की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति नें फ्लोरिडा के मियामी शहर में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान दिए गए भाषण में ट्रंप ने ईरान को लेकर तीखी टिप्पणी की और साथ ही नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर भी नाराजगी जाहिर की।अपने संबोधन में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए गिड़गिड़ा रहा है और उसे जल्द ही एक डील करनी चाहिए। इसी दौरान उन्होंने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफहोर्मुज को गलती से स्ट्रेट ऑफट्रंप कह दिया। हालांकि तुरंत ही बात सुधारते हुए इसे होर्मुज बताया और मजाकिया अंदाज में कहा कि यह एक भयानक गलती थी,ट्रंप का यह बयान ताकत का टैलेंट का स्पष्ट उदाहरण है, जहां शक्ति के आधार पर सम्मान प्राप्त करने की इच्छा दिखाई देती है। 2025 में मारिया कोरिना मचाड़ो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना यह दर्शाता है कि टैलेंट का अर्थ केवल शक्ति या प्रभाव नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खड़ा होना है। वेनेजुएला जैसे देश में विपक्ष की आवाज बनना और शांति के लिए संघर्ष करना एक सच्चे टैलेंट का उदाहरण है, जो बिना किसी सैन्य या आर्थिक शक्ति के भी वैश्विक पहचान प्राप्त कर सकता है।

साथियों बात अगर हम टैलेंट बनाम ताकत मूलभूत अंतर को समझने की करें तो टैलेंट एक व्यक्तिगत गुण है यह ज्ञान, अनुभव,संवेदनशीलता और नैतिकता का मिश्रण है। इसके विपरीत ताकत बाहरी होती है, सैन्य, आर्थिक या राजनीतिक। जब टैलेंट के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं, तो वे दीर्घकालिक और संतुलित होते हैं। लेकिन जब ताकत के आधार पर निर्णय होते हैं, तो वे तात्कालिक और अस्थिर होते हैं। आज की वैश्विक राजनीति में यही संघर्ष स्पष्ट तथा सटीक रूप से दिखाई देता है।

साथियों बात अगर हम शांति का दावा बनाम युद्ध की वास्तविकता को समझने की करें तो,ट्रंप द्वारा खुद को पीसमेकर बताना और आठ युद्धों को रोकने का दावा करना,जबकि मध्य पूर्व में लगातार हिंसा बढ़ रही है, यह एक गंभीर विरोधाभास है। हजारों लोगों की मौत,सैनिकों की हानि और क्षेत्रीय अस्थिरता यह संकेत देती है कि शांति केवल भाषणों में है,जमीन पर नहीं। यह ताकत का टैलेंट है,जहां शब्दों से छवि बनाई जाती है, लेकिन वास्तविकता अलग होती है।क्यूबा, ईरान और वैश्विक नियंत्रण की रणनीति को पूरी दुनियाँ देख रही है,ट्रंप द्वारा क्यूब को अगला निशाना बताना और ईरान पर दबाव बनाना यह दर्शाता है कि अमेरिका की रणनीति केवल रक्षा नहीं, बल्कि विस्तार और नियंत्रण की है। ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जैसे दावे और सैन्य कार्रवाइयां यह संकेत देती हैं कि वैश्विक राजनीति में अब संवाद की जगह शक्ति ने सटीक रूप से ले ली है।

साथियों बात अगर हम दोहरे मानदंड और बदलती कूटनीति को समझने की करें तो,ट्रंप की नीतियों में एक स्पष्ट विरोधा भास दिखाई देता है,कभी रूस के खिलाफ कभी उसके साथ;कभी यूक्रेन के समर्थन में, तो कभी उस पर दबाव। इसी तरह वेनेज़ूएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ कूटनीतिक मेलजोल, और इंडिया पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव ये सभी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वैश्विक राजनीति अब सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि हितों पर आधारित है।

साथियों बात अगर हम जनता का असंतोषः लोकतंत्र बनाम नेतृत्व का अहंकार को समझने की करें तो अमेरिका में लाखों लोगों का सड़कों पर उतरना यह संकेत देता है कि लोकतंत्र में जनता की भूमिका अब भी महत्वपूर्ण है। लगभग 90 लाख लोगों का विरोध प्रदर्शन केवल नीतियों के खिलाफ नहीं, बल्कि नेतृत्व शैली के खिलाफभी था। जब जनता अपने ही नेता की विदेश नीति और आक्रामक रवैये से असहमत होती है, तो यह ÷ताकत÷ की सीमाओं को उजागर करता है। लोकतंत्र में ÷टैलेंट÷ का अर्थ केवल निर्णय लेने की क्षमता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को बनाए रखना भी है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक संदेश और भविष्य की दिशा को समझने की करें तो,आज की दुनियाँ के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि शक्ति का उपयोग सीमित और जिम्मेदार होना चाहिए। यदि ताकत का टैलेंट हावी हो गया, तो वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी।लेकिन यदि टैलेंट की ताकत को प्राथमिकता दी गई, तो शांति, सहयोग और विकास संभव है। नोबेल शांति पुरस्कार जैसे सम्मान इस दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें राजनीति से दूर रखा जाए।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संतुलन ही समाधान है,यह स्पष्ट है कि न तो केवल टैलेंट पर्याप्त है और न ही केवल ताकत। एक सफल और प्रभावी वैश्विक नेतृत्व के लिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। लेकिन जब ताकत टैलेंट पर हावी हो जाती है, तो वह दादागिरी बन जाती है। ट्रंप का दौर इसी द्वंद्व का प्रतीक है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर करता है कि भविष्य किस दिशा में जाएगा टैलेंट की ताकत या ताकत का टैलेंट। मेरे द्वारा लिखित यह वैचारिक लेख केवल एक विश्लेषण नहीं, बल्कि एक चेतावनी भी है कि यदि वैश्विक राजनीति में संतुलन नहीं बना, तो आने वाले समय में संघर्ष और अस्थिरता और अधिक बढ़ सकती है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 83



Åij I uhpi !& 1) करसम्पुट 2) पुत्री 4) समतल 5) श्रीकृष्ण के एक भाई का नाम 6) अच्छा तैरनेवाला 8) रास्ता, मार्ग 9) वर्षा होना 10) अन्न का निवाला 11) महर्षी व्यास द्वारा लिखा गया एक महाकाव्य 13) शक्तिशाली, बलवान 14) पाप, गुनाह 17) गधे की बोली 19) पराया 20) जीवन यापन का स्तर या ढंग 22) एक भुभाग जिसके अन्तर्गत बहुत से गांव होते है 23) राजस्थान का वह शहर जहां सूर्यग्रहण देखने के लिए खगोलशास्त्री आते है 25) एक प्रसिद्ध गझल गायक 27) रोगी 29) अन्य, दूसरा 31) सूची 34) शांति 35) महीना 35अ) घृणा 38) खरगोश 41) बारह राशियों में एक 42) इस फिल्म अभिनेता और निर्माता की फिल्म 'विश्वरुपम्' के बारे में भारी बहस हुयी थी 44) ओस 45) फल, सुखाया हुआ फल 47) वास करना 48) अभाव का दुःख सहन करना 49) सज्जित करना 50) छोटा गद्दा 51) योगासनों में एक जिसमें सिर नीचे औ पांव ऊपर किये जाते है 52) पुरानी रीतियों पर आंख मूंदकर चलनेवाला 54) द्रव 55) गगनचर 57) गीला 58) भीतर से बाहर आना, पार होना 61) किसी शब्द आदि को बार-बार दोहराने की क्रिया 64) एक पुराना चलन 66) अंतर 67) राजस्थान के एक क्षेत्र का पूर्ववर्ती नाम जिसके नाम पर एक जाति का नाम भी है 69) किसी बड़ी दुर्घटना से बहुत थोड़े अंतर से बचना इस अर्थवाला एक मुहावरा 70) विश्व का सबसे बड़ी लांकसंख्यावाला देश 73) ईख 74) अटलांटिका और पैसिफिक महासागरों को जोड़नेवाली एक प्रसिद्ध नहर 75) मुखिया 76) कुल, सारा 77) ठिंगना 80) मशवरा, परामर्श 81) त्रुटि, बारीक गलतियां 82) निर्दयता, निष्ठुरता 83) अस्तबल 85) एक प्रसिद्ध बंगाली मिठाई 87) शैतानी, दुष्टता 90) कोई तरल पदार्थ 91) बेटी का पति 92) नष्ट, नाश 94) पतंगा, टिड्डी 95) परशुरामजी का अस्त्र 96) पत्र (उर्दू) 98) विविध 102) सम्मान 105) इटली की राजधानी 106) श्रद्धा, प्रेम (जबाब अगले अंक में) ●

ck;s ls nk;s !& 1) समाप्ती, मृत्यु 3) परिवार नियोजन का एक तरीका जिसके लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जाता है 7) समान 10) जाति 12) आणिबाणी के बाद निर्माण हुआ एक राजनीतिक दल 15) नाव के मस्तुल से लगाकर ताना हुआ कपड़ा 16) पाकिस्तान का एक प्रमुख शहर 18) प्रत्येक 19) अनुपस्थित 21) योग्यता 22) राजा की सबसे प्रिय रानी 24) कबुत्तर 26) युद्ध 28) भाग्य 30) मां का स्नेह 32) ऊंचा उड़नेवाला एक पक्षी 33) स्त्री 34) लालसा, अभिलाषा 35) मनुष्य 36) आकाश 37) कलंकित करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 39) लोगों के विचार 40) यात्रा करना 42) कहानीकार 43) गरमी के दिनों में लगनेवाली तपी हुयी हवा 44) शतरंज में बादशाह को चेक करने को दी गयी चेतावनी 45) भेड़ का बच्चा 46) जय-पराजय 50) अमानत के तौर पर दूसरे द्वारा दिये गये धन का स्वयं के स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करना 51) ठंड़ा 53) पुलिस दल का एक अधिकारी 56) दिल्ली का एक प्रमुख रेल स्थानक 59) ख्याति, यश 60) स्वीकार करना अर्थवाला एक मुहावरा 62) खिसकना, थोड़ा हटना 63) घमंड 65) यात्रा 67) संगीत का एक राग 68) जल्दी से, तुरंत 69) पहनावा 70) तेजी से भागनेवाला एक हिंस्त्र पशु 71) वह असूर जिसका वध श्रीकृष्ण के हाथों से हुआ था 72) शहर 74) समय का एक सुक्ष्म भाग, निमिष 75) बहुत पुराना, परंपरागत चला आया हुआ 77) धमनी 78) बलगम, शरीर के त्रिदोषों में से एक 79) लौआ, या लौटाया हुआ 81) अकबर बादशाह द्वारा चालू किया गया एक बाजार 82) पुत्र 84) पंक 86) शव, मृतदेह 88) प्राण और सम्पत्ती 89) कार्य का भार या सारी जिम्मेदारी 93) निर्लज्ज 95) झंड़े आदि को लहराना 97) काशी, वाराणसी 99) मासिक 100) एक रंग 101)चर्मकार 103) विष्णु पत्नी 104) छीलना 106) पुरुष, पति 107) अच्छाई, नेकी, सज्जनता 108) दुर्गंध 109) बंदी, निषेध 110) दशा, आयु 111) मुसलमानों का त्यौहार


### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## दिमाग चलाइये !

निम्नदर्शित आकृती में माचीस की तिल्लीयां दिखायी दे रही है. इस में से कुछ तिल्लीयों को गुल ही नही है. इन तिल्लीयों पर गुल इस तरह से निकालो के हर खड़ी और आड़ी लाईन में चार गुलवाली तिल्लीयां होनी चाहिए. जरा कोशीश तो कीजिए.



## सू-डोकू- 83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 8 | 7 | | | 6 |
| 2 | | 8 | 3 | | | | 9 | |
| 3 | | 7 | 9 | | 5 | 8 | | 2 |
| 1 | | 3 | | | | | 7 | 9 |
| | | | | 9 | 2 | | | |
| 6 | 8 | 9 | 7 | | 1 | | 4 | 5 |
| 7 | | | | 6 | 3 | | 8 | 4 |
| | 3 | | 8 | 2 | | 7 | | |
| 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | | 2 | 3 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

I Mkd 82 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 1 | 6 |
| 1 | 8 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 6 | 5 |





# किसी और को अपनी सीमायें तय मत करने दो : शीतल देवी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किये गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमायें तय करने नहीं दें।***

दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने सोमवार को वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है ।

बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने भाषा से खास बातचीत में कहा, 'यह अद्भुत है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों में नामांकन मिलना ही खास था और यह पुरस्कार जीतना यादगार और बहुत खास है। यह हर घंटे की कड़ी मेहनत, हर नाकामी और चुपचाप किये गए बलिदानों को दर्शाता है।'

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ की 19 वर्ष की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने दक्षिण कोरिया में 2025 विश्व पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में गत चैम्पियन और तत्कालीन नंबर एक तीरंदाज तुर्की की ओजनुर क्यूरे को हराकर खिताब जीता था। वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भुजाहीन महिला तीरंदाज भी बनी ।

शीतल ने कहा, 'यह माता रानी का आशीर्वाद है और उनकी कृपा मुझ पर हमेशा रहती है। मैं अपने परिवार, कोच, टीम और मेरे साथ विकट परिस्थितियों में भी खड़े रहने वाले हर व्यक्ति को इसका श्रेय देती हूं।'



उदीयमान खिलाड़ियों को क्या सुझाव देंगी, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि सभी को संयम के साथ प्रक्रिया पर भरोसा करते हुए आगे बढना चाहिये। उन्होंने कहा, 'किसी और को अपनी सीमायें तय मत करने दो। आपका सफर अपना है जिसमें संयम बनाये रखते हुए प्रक्रिया पर भरोसा रखो और हर दिन बेहतर करने की कोशिश करो । किसी में कोई कमी नहीं होती बस थोड़ी मेहनत की कमी होती है।'

अपने कैरियर की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि पिछले साल नयी तकनीक सीखना सबसे चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'नयी तकनीक सीखना आसान नहीं था। उस समय नतीजे नहीं मिल रहे थे और लोग मेरी काबिलियत पर संदेह करने लगे थे।' उन्होंने कहा, 'मैने समारोहों में जाना और इंटरव्यू देना बंद कर दिया जिससे सवाल और संदेह बढते गए। मैने अपना पूरा फोकस ट्रेनिंग पर लगा दिया। इससे मुझे दृढता मिली और आत्मविश्वास भी।'

एक दुर्लभ बीमारी के कारण भुजाओं के बिना जन्मी इस तीरंदाज की तकनीक अनूठी है जिसमें वह एक विशेष उपकरण 'रिलीजर' का इस्तेमाल करती है। वह अपने पैर के अंगूठे से तीर उठाती है और धनुष में लोड करती है। फिर रिलीजर का इस्तेमाल करके वह अपने शरीर को धनुष से जोड़ती है, फोकस करती है, निशाना लगाती है और फायर करती है।

पिछले साल विश्व तीरंदाजी महासंघ ने नियमों में बदलाव किया । पहले वह धनुष को एड़ी से छूकर निशाना लगा सकती थी, लेकिन अब केवल पैर के अंगूठे और अगले हिस्से से ही निशाना लगाने की अनुमति है। उनके कोच गौरव शर्मा ने कहा, 'इसके मायने थे कि हमें नये सिरे से शुरूआत करनी पड़ी । इसमें काफी संयम और समय लगा। इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना था कि वह दबाव झेलने के लिये मानसिक रूप से मजबूत रहे। हमने एक टीम के रूप में एक एक बाधा को पार किया।'

इस साल बड़े टूर्नामेंटों में पदक जीतने पर फोकस करने वाली शीतल हफ्ते में छह दिन कड़ा अभ्यास कर रही है। इशीतल ने कहा, 'मेरे दिन की शुरूआत सुबह आठ बजे होती है और दो घंटे के ब्रेक के साथ शाम छह बजे तक अभ्यास करती हूं ।रविवार को विश्राम का दिन होता है चूंकि रिकवरी भी जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मेरा फोकस लगातार सुधार करने और प्रदर्शन में निरंतरता लाने पर है । पिछले साल मेरा पूरा फोकस ट्रेनिंग पर ही था और यही अनुशासन इस साल भी रहने वाला है।'

# रणबीर कपूर का भगवान राम के रोल पर पहला रिएक्शन, 'रामायण' के टीजर लॉन्च इवेंट में बताया क्या है 'राम' का मतलब?

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर, जिन्हें आखिरी बार संदीप रेड्डी वांगा की 2023 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में देखा गया था। अब वे जल्द ही नितेश तिवारी की 'रामायण पार्ट 1' में नजर आने वाले हैं, जिसे लेकर लोगों के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है।***

यह 2026 की मोस्ट अवेटेड मूवीज में से एक है, जिसकी रिलीज का लोग ब्रेसरी से इंतजार कर रहे हैं। इसका पहला हिस्सा दिवाली 2026 में रिलीज होने वाला है और दूसरा हिस्सा दिवाली 2027 में आएगा। अब सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने भगवान राम के किरदार के बारे में बात की।

## रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने पर रणबीर कपूर..

2 अप्रैल को भारत में रामायण का टीजर लॉन्च होने से पहले फिल्म मेकर्स ने मंगलवार, 31 मार्च को लॉस एंजिल्स में एक इवेंट में इसकी छोटी सी झलक दिखाई। रणबीर के साथ डायरेक्टर नितेश तिवारी और प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा भी मौजूद थे, जिन्होंने खास तौर पर इंटरनेशनल दर्शकों के साथ इसका टीजर शेयर किया। इस फिल्म में भगवान राम का किरदार निभा रहे रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के अंतर्मन के रक्षक रहे हैं। वे हमें मुश्किलों के समय इंसान को हिम्मत रखना सिखाते हैं। वे दया, हिम्मत, नेकी और माफी के प्रतीक हैं। उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा जाता है, जिसका मतलब है एक आदर्श इंसान।'



## रामायण टीजर का रनटाइम..

रामायण के टीजर को 2 अप्रैल को होने वाली इसकी तय रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) ने आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। इसका पहला लुक वीडियो मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में मीडिया और फैंस की मौजूदगी में रिलीज किया जाएगा। इस बीच, टीजर के प्रीमियर से कुछ ही दिन पहले सर्टिफिकेशन का एक स्क्रीनशॉट ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें टीजर की रेटिंग और रनटाइम की जानकारी दी गई है।

यह टीजर 2 मिनट 38 सेकंड का है और इसे 'सर्टिफिकेट दिया गया है, जिसका मतलब है कि यह सभी उम्र के दर्शक देख सकते हैं।

## रामायण की धांसू कास्ट..

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी सीता के किरदार में नजर आने वाली हैं। इसमें साउथ सुपरस्टार यश, रवि दुबे, सनी देओल भी अहम भूमिका में दिखाई देने वाले हैं।

# नाना बने अनिल कपूर, बेटी सोनम-दामाद आनंद को दी बधाई, नाती वायु पर भी लुटाया प्यार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी सोनम कपूर और दामाद आनंद आहूजा को दूसरे बेटे के जन्म पर बधाई दी है। कपल ने 29, मार्च को यह खुशखबरी अपने फैंस को दी थी।***

सोमवार को नाना अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर परिवार में आए नए सदस्य का स्वागत करते हुए अपनी खुशी जाहिर की और एक क्यूट पोस्ट शेयर कर कपल को बधाई दी। साथ ही नाती वायु पर भी प्यार लुटाया है।

## अनिल कपूर ने सोनम-आनंद को दी बधाई..

अनिल कपूर ने अपने दूसरे नाती के जन्म एक दिल को छू लेने वाले मैसेज के साथ अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक क्यूट पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, 'और बस यूं ही... मेरा दिल और भी बड़ा हो गया है। इस दुनिया में तुम्हारा स्वागत है, मेरे नन्हे-मुन्ने; तुम्हें अभी से ही बहुत-बहुत प्यार मिल रहा है। वायु, अब तुम बड़े भाई बन गए हो और मुझे पता है कि तुम एक बेहतरीन भाई बनोगे।



धन्यवाद, सोनम और आनंद... नाना का दिल खुशी से भर गया है। इस प्यारी-सी हलचल भरी दुनिया में तुम्हारा स्वागत है, मेरे बच्चे प्यार से भरी एक पूरी जिंदगी में तुम्हारा स्वागत है।'

## सोनम कपूर ने दूसरे बेटे को दिया जन्म..

एक्ट्रेस सोनम कपूर ने भी इंस्टाग्राम पर यह खुशी की खबर शेयर की और अपने बेटे के आने की घोषणा करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस पल को अपने बढ़ते परिवार के लिए एक खूबसूरत पड़ाव बताया

और साथ ही यह भी कहा कि उनका बड़ा बेटा वायु अपने नए रोल को निभाने के लिए बहुत खुश है। इस घोषणा के बाद करीना कपूर खान, रिया कपूर और हुमा कुरैशी सहित कई मशहूर हस्तियों से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं मिल रही है।

## सोनम-आनंद की जिंदगी में खुशियों ने दी दस्तक..

सोनम और आनंद, जिनकी शादी 2018 में हुई थी। उन्होंने नवंबर 2025 में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का खुलासा किया था। इस मशहूर कपल ने अगस्त 2022 में अपने पहले बच्चे वायु का स्वागत किया था और अब अपने दूसरे बेटे का इस दुनिया में वेलकम किया। बता दें कि अभी तक सोनम और आनंद ने अपने दूसरे बटे का नाम नहीं बताया है।

# पीएसएल में एक और बवाल, सिकंदर रजा को होटल के अंदर लेकर गए शाहीन अफरीदी, ठोका मोटा जुर्माना..


डेस्क जगप्रेरणा।

***पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग में एक और बवाल हो गया है। इस थर्ड क्लास टूर्नामेंट में पाकिस्तान अलावा बाकी कम ही खिलाड़ी खेलते हैं, लेकिन जो भी आते हैं, उनके सामने भद्द पिटवाई जाती है। अब एक अनोखा मामला सामने आया है।***

इसमें सुरक्षा को तार तार करने का मामला है। इस पर एक्शन लेते हुए लाहौर कलंदर के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी पर मोटा जुर्माना ठोका गया है।

## बिना परीशन सिकंदर रजा और उनके दोस्तों को होटल रूम लेकर गए शाहीन..

शाहीन शाह अफरीदी, जो कि पाकिस्तान की वनडे टीम के कप्तान हैं, वे पीएलस में लाहौर कलंदर की कप्तानी करते हैं। इस टीम से जिम्बाब्वे के स्टार खिलाड़ी सिकंदर रजा भी खेलते हैं। पिछले दिनों यानी टूर्नामेंट शुरू होने के बाद एक मामला सामने आया था। इसमें पता चला कि शाहीन अफरीदी और सिकंदर रजा बिना परमीशन के कुछ बाहरी लोगों को लेकर टीम होटल में चले गए। इसके लिए अनुमति मांगी गई थी, लेकिन नहीं दी गई, इसके बाद भी सिकंदर और शाहीन माने नहीं। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब लाहौर पुलिस ने पीएसएल के चेयरमैन को एक खत लिखा।



## करीब दो घंटे बिना परमीशन होटल के अंदर रहे सभी लोग..

बताया जाता है कि मामला 28 मार्च की रात का है। पता चला है कि लाहौर कलंदर के कप्तान शाहीन अफरीदी और सिकंदर रजा ने टूर्नामेंट के दौरान होटल नियमों की अनदेखी की है। कुछ लोग सिकंदर रजा का नाम लेकर होटल में गए थे। बताया जाता है कि जो लोग अंदर गए, वे सिकंदर के परिवारीजन और दोस्त थे। ये सभी लोग करीब दो घंटे तक बिना परमीशन होटल के अंदर रहे। हालांकि खुद सिकंदर का कहना है कि वे करीब 40 मिनट होटल में रहे। रात करीब डेढ़ बजे तक ये लोग होटल के अंदर ही थे, ऐसा कहा जा रहा है।

## सिकंदर रजा खुद ले ली पूरी जिम्मेदारी..

इस मामले ने जब तूल पकड़ा तो सिकंदर रजा ने पूरी जिम्मेदारी खुद पर ले ली है, लेकिन इसके बाद भी शाहीन के अपराध का कम नहीं माना गया। उन पर एक लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगा है, जो करीब 10 लाख रुपये होता है। ऐसा पीएसएल के निमयों को तोड़ने के कारण किया गया है। इस घटना को नियमों का उल्लंघन माना गया है। ये जुर्माना शाहीन की अपनी पीएसएल टीम लाहौर कलंदर की ओर से लगाया गया है। इस बीच सिकंदर रजा पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

## लाहौर कलंदर ने क्या कहा..

इस बीच लाहौर कलंदर का ये भी कहना है कि घटना हुई तो थी, लेकिन इसे बढ़ाचढ़ाकर दिखाया गया है, इतना कुछ नहीं था कि इसे इतना तूल दिया जाए। टीम की ओर से कहा गया है कि आगे से ऐसी कोई हरकत ना हो, इसके लिए खिलाड़ियों को एक बार फिर से ताकीद कर दिया गया है। देखना है कि आने वाले दिनों में इस घटना को लेकर क्या कुछ होता है।

# अमृतसर में देसी गर्ल, गोल्डन टेंपल में प्रियंका चोपड़ा ने टेका माथा, पीच सूट में सादगी से जीता फैंस का दिल...

डेस्क जगप्रेरणा।

***ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वो भारत में अपने कमबैक को लेकर सुर्खियों में है। हाल ही में एक्ट्रेस अमेरितका से भारक आई और मंगलवार 31 मार्च 2026 को उन्हें अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकते देखा गया। अभिनेत्री यहां अपनी टीम और सुरक्षा घेरे के बीच पूरी श्रद्धा के साथ प्रार्थना करती नजर आई।***



दिलचस्प बात यह है कि प्रियंका केवल दर्शन तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने गुरुद्वारा परिसर के भीतर सेवा भी की।

## स्वर्ण मंदिर में प्रियंका की सेवा..

अपने इस आध्यात्मिक दौरे के लिए प्रियंका चोपड़ा ने बेहद शालीन पीच रंग का सलवार सूट चुना था। गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद उन्हें अपनी टीम के साथ बाहर निकलते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक इनसाइड वीडियो में अभिनेत्री अन्य महिलाओं के साथ बैठकर सेवा करती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसकी फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। प्रियंका का यह सादगी भरा अंदाज एक बार फिर लोगों का दिल जीत रहा है।

## धर्म और आध्यात्मिकता पर प्रियंका के विचार..

प्रियंका चोपड़ा हमेशा से ही अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ी रही हैं। साल 2021 में ओपरा विनफ्रे के शो पर अपनी आत्मकथा 'अनफिनिश्ड' के प्रचार के दौरान उन्होंने भारत की आध्यात्मिक ऊर्जा पर गहराई से बात की थी। उन्होंने बताया था कि भारत जैसे देश में पलने-बढ़ने के कारण विभिन्न धर्मों और विश्वास प्रणालियों के प्रति जागरूक होना बहुत स्वाभाविक है। बचपन से ही अलग-अलग मान्यताओं के बीच रहने के कारण उनके मन में सभी धर्मों के लिए सम्मान विकसित हुआ।

## विविधता में एकता का पाठ..

ओपरा से बातचीत के दौरान प्रियंका ने साझा किया था, 'भारत में आध्यात्मिकता से अछूता रहना लगभग असंभव है। वहां इतने सारे धर्म एक साथ रहते हैं। मैं खुद एक कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ी, इसलिए ईसाई धर्म से वाकिफथी। मेरे पिता मस्जिद में गाते थे, इसलिए मैं इस्लाम से परिचित थी और एक हिंदू परिवार में पली-बढ़ी तो उसे भी करीब से देखा।' प्रियंका का मानना है कि भारत का आध्यात्मिक ताना-बाना इतना विशाल है कि आप इसे अनदेखा नहीं कर सकते।

## प्रियंका पर रहा पिता का असर

प्रियंका ने अपने दिवंगत पिता डॉ. अशोक चोपड़ा के प्रभाव के बारे में भी बताया था। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता मुझसे कहते थे कि हर धर्म उस एक सर्वोच्च शक्ति (सुप्रीम पावर) तक पहुंचने का एक अलग रास्ता है। हर धर्म का चेहरा अलग हो सकता है, लेकिन दिशा एक ही है। मैं एक हिंदू हूं, मेरे घर में मंदिर है और मैं जितना हो सके प्रार्थना करती हूं, लेकिन साथ ही मेरा यह भी मानना है कि एक उच्च शक्ति अस्तित्व में है और मैं उसमें पूरा विश्वास रखती हूं।'

## इस फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका..

काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' के साथ भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं, जो 2027 में रिलीज होने वाली है। इससे पहले वो 'द ब्लफ' में नजर आई।

# इस साल अपने प्रदर्शन से निराश, गुकेश अब कम टूर्नामेंट खेलेंगे...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने इस सत्र में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मंगलवार को अपने टूर्नामेंट कार्यक्रम को कम करने का फैसला किया। उन्होंने 2026 में केवल दो ग्रैंड शतरंज टूर टूर्नामेंट में खेलने का विकल्प चुना है ताकि वह अपने खिताब की रक्षा के लिए ट्रेनिंग और तैयारी को प्राथमिकता दे सकें।***

गुकेश को अपने अनिरंतर प्रदर्शन के कारण नवंबर 2025 में अपने ही देश में हुए शतरंज विश्व कप में शीर्ष वरीय होने के बावजूद जल्दी बाहर होना पड़ा। इसके बाद दिसंबर में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में टाई-ब्रेक के बाद वह 10वें स्थान पर रहे और हाल में खत्म हुए प्राग शतरंज महोत्सव में उन्हें नौवां स्थान मिला। गुकेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'पिछले कुछ टूर्नामेंट में मेरा प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। यह केवल मेरे लिए नहीं बल्कि आप सभी के लिए भी जो मेरा समर्थन करते हैं।' गुकेश आमतौर पर सोशल मीडिया पर इस तरह की बातें बहुत कम लिखते हैं। उन्होंने कहा, 'अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए मेरी टीम और मैंने यह फैसला किया है कि अगले कुछ महीनों तक मुझे थोड़ी कम तीव्रता के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। इसलिए हमें लगता है कि मेरे हित में यही होगा कि मैं घर से दूर होने वाले लंबे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लूं, ताकि मुझे ट्रेनिंग के लिए अधिक समर्पित समय मिल सके।'



इसके साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अब से उनकी प्राथमिकता उस विश्व खिताब की रक्षा की तैयारी करना होगी जिसे उन्होंने 2024 में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर जीता था। गुकेश के पूरे ग्रैंड शतरंज टूर में नहीं खेलने का फैसला

करने के बाद आयोजकों ने उनकी जगह मौजूदा विश्व कप चैंपियन जावोखिर सिंदारोव को शामिल किया है। गुकेश अब सात से 12 अप्रैल तक स्पेन में होने वाले 26,000 यूरो मास्टर्स चेस मेनोरका में खेलेंगे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# ईरानी तेल से लदा एक जहाज बढ़ रहा गुजरात के बंदरगाह की तरफ

नई दिल्ली, (भाषा)।

***करीब सात साल के बाद भारत को ईरान से कच्चा तेल जल्द मिलने की संभावना है। ईरानी तेल से लदा एक जहाज गुजरात के वाडिनार बंदरगाह की तरफबढ़ रहा है। जहाजों की निगरानी करने वाले आंकड़ों के मुताबिक,***



'पिंग शुन' नामक यह जहाज लगभग छह लाख बैरल कच्चा तेल लेकर भारत की तरफ बढ़ रहा है। जिंस विश्लेषण फर्म केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि यह मई, 2019 के बाद भारत को ईरानी तेल की पहली आपूर्ति हो सकती है। उन्होंने बताया कि हाल में 'समुद्र में मौजूद' ईरानी तेल की खरीद के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा 30 दिन की छूट दिए जाने के बाद ही यह आपूर्ति संभव हुई है।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस जहाज में मौजूद कच्चे तेल का खरीदार कौन है। लेकिन इस जहाज का गंतव्य वाडिनार में स्थित नायरा एनर्जी की रिफाइनरी हो सकती है। वाडिनार बंदरगाह भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी सहित अन्य इकाइयों के लिए भी आपूर्ति का केंद्र है।

पेट्रोलियम मंत्रालय अब तक यह कहता रहा है कि ईरान से तेल खरीद दोबारा शुरू करने का फैसला तकनीकी एवं व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर किया जाएगा। भारत ऐतिहासिक तौर पर ईरानी तेल का बड़ा खरीदार रहा है। एक समय भारत के कुल आयात में ईरान की हिस्सेदारी करीब 11.5 प्रतिशत थी।

वर्ष 2018 में भारत ने प्रतिदिन करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल का आयात किया था, जो मई, 2019 तक घटकर 2.68 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। फिर ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरानी तेल का आयात पूरी तरह बंद हो गया था।

रितोलिया ने कहा, ''मार्च महीने की शुरुआत में 'पिंग शुन' जहाज ने ईरान के खार्ग द्वीप से तेल भरा था। इसके चार अप्रैल को वाडिनार बंदरगाह पर आने पर अनुमान है।''

अमेरिका ने हाल में ईरानी तेल की समुद्र में मौजूद खेप की खरीद पर लगे प्रतिबंधों में 30 दिन की छूट दी थी जो 19 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। यह कदम अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बढ़ी कच्चे तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास के तहत उठाया गया।

अनुमान है कि समुद्र में मौजूद ईरानी तेल की कुल मात्रा करीब 9.5 करोड़ बैरल है, जिसमें से लगभग 5.1 करोड़ बैरल भारत को बेचा जा सकता है, जबकि बाकी तेल चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के खरीदारों के लिए अधिक उपयुक्त माना जा रहा है। हालांकि, इस तेल खरीद के भुगतान की व्यवस्था अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। दरअसल, ईरान वैश्विक बैंकिंग नेटवर्क 'स्विफ्ट' से बाहर है। पहले भारत ने तुर्किये के एक बैंक के जरिये यूरो में भुगतान किया था, लेकिन अब वह विकल्प भी उपलब्ध नहीं है।

# आयकर विभाग ने कारोबार सुगमता बढ़ाने को 2025-26 में रिकॉर्ड 219 अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते किए..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयकर विभाग ने भारतीय करदाताओं के साथ वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 219 अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों (एपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल का मकसद कर संबंधी निश्चितता प्रदान कर कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना है।***




केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को बयान में कहा कि इसमें एकपक्षीय एपीए (यूएपीए) और द्विपक्षीय एपीए (बीएपीए) शामिल हैं। इसके साथ ही, एपीए कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक कुल अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों की संख्या 1,034 हो गई है, जिसमें 750 यूएपीए और 284 बीएपीए शामिल हैं।

बयान के अनुसार, ''सीबीडीटी ने एपीए कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से 2025-26 में कुल 219 एपीए पर हस्ताक्षर किए। यह किसी एक वित्त वर्ष अबतक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इस वर्ष, सीबीडीटी ने 84 बीएपीए पर भी हस्ताक्षर किए, जो वित्त वर्ष 2024-25 में हस्ताक्षर किए गए 65 बीएपीए के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।''

इसमें कहा गया है कि भारत के 13 संधि भागीदारों.... अमेरिका, फिनलैंड, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, स्वीडन, फ्रांस, इंडोनेशिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ पारस्परिक समझौतों के तहत द्विपक्षीय एपीए पर हस्ताक्षर किए गए।

इस वर्ष फ्रांस, आयरलैंड, इंडोनेशिया और स्वीडन के साथ भारत के पहले द्विपक्षीय एपीए पर हस्ताक्षर करने की उपलब्धि भी है। सीबीडीटी लगातार बड़ी संख्या में एपीए पर हस्ताक्षर कर रहा है, पिछले वित्त वर्ष में 174 एपीए और उससे पिछले वर्ष में 125 एपीए पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसमें कहा गया है कि सेफहार्बर नियम, अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते रूपरेखा के पूरक हैं और हस्तांतरण मूल्य निर्धारण में निश्चितता प्राप्त करने के लिए एक तेज और कम लागत वाला विकल्प प्रदान करते हैं। बयान के अनुसार, 2013 में शुरू की गई सेफहार्बर रूपरेखा में अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की विशिष्ट श्रेणियों के लिए निश्चित मार्जिन निर्धारित किए गए हैं।

इसमें वर्तमान में 12 लेनदेन श्रेणियां शामिल हैं। इनमें आईटी और सॉफ्टवेयर सेवाएं, आईटी-सक्षम सेवाएं, केपीओ (नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग), अनुबंध अनुसंधान एवं विकास, अंतर-समूह वित्तपोषण, गारंटी, कम मूल्य वर्धित सेवाएं और हीरा उद्योग में कुछ लेनदेन शामिल हैं। वित्त अधिनियम 2026 ने सेफ हार्बर नियमों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। सेफहार्बर नियम कर नियमन हैं जो अधिकारियों को निर्धारित शर्तों को पूरा करने पर करदाता द्वारा घोषित हस्तांतरण मूल्य या आय को बिना किसी विवाद के स्वीकार करने की अनुमति देते हैं।

बयान के अनुसार, ''विभिन्न प्रौद्योगिकी सेवा खंडों को एक समान 15.5 प्रतिशत मार्जिन के साथ 'सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं' श्रेणी में एकीकृत किया गया है। पात्रता सीमा 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये कर दी गई है। संशोधन के तहत प्रणाली-संचालित और स्वचालित रूपरेखा भी पेश की गई है, जिससे विस्तृत जांच और प्रशासनिक हस्तक्षेप की आवश्यकता कम हो जाती है।''

सीबीडीटी ने कहा, ''एपीए कार्यक्रम, सेफ हार्बर नियमों के साथ मिलकर, कर निश्चितता प्रदान करता है, विवादों को कम करता है और एक पारदर्शी कर व्यवस्था को मजबूत करता है।''

द्विपक्षीय एपीए संभावित या वास्तविक दोहरे कराधान से सुरक्षा का अतिरिक्त लाभ प्रदान करते हैं। सीबीडीटी करदाताओं की सहयोगात्मक भावना को मान्यता देता है और एपीए कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन में संबंधित पक्षों के रूप में उनकी भूमिका को महत्व देता है।

# विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच डीजीसीए को मिला नया प्रमुख..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नए महानिदेशक कार्यभार संभालने जा रहे हैं। निवर्तमान महानिदेशक फैज अहमद किदवई का स्थान वीर विक्रम यादव लेंगे।***



किदवई के कार्यकाल में डीजीसीए ने कई चुनौतियों का सामना किया। इनमें पिछले साल दिसंबर में इंडिगो में की उड़ानों भारी बाधाएं, विभिन्न एयरलाइंस में चूक, गैर-अनुसूचित परिचालकों के विमानों की दुर्घटनाएं और जून, 2025 में एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना शामिल है। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक होने के साथ, भारत में हवाई यातायात की मांग काफी अधिक है, जबकि परिचालन विस्तार की इच्छुक एयरलाइन कंपनियां विमानों की कमी और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितता के माहौल से जूझ रही हैं।

ओडिशा कैडर के 1996 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी यादव वर्तमान में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं।

मंगलवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, डीजीसीए के प्रमुख के रूप में एक वर्ष से कुछ अधिक समय बिताने के बाद, किदवई को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। विमानन सुरक्षा नियामक, डीजीसीए, हाल के दिनों में कई घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहा है, जिनमें दिसंबर, 2025 में इंडिगो के परिचालन में आई भारी बाधाएं शामिल हैं।

इसके अलावा, विमानन कंपनियों के स्तर पर लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं, गैर-अनुसूचित परिचालकों द्वारा संचालित विमानों से जुड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं और पिछले साल जून में एयर इंडिया का विमान की दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

नियामक ने दोषी एयरलाइन और उनके अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनमें दिसंबर, 2025 की बाधाओं के लिए इंडिगो पर जुर्माना और अन्य कदम शामिल हैं।

पश्चिम एशिया युद्ध के मद्देनजर, डीजीसीए एयरलाइन संचालन पर कड़ी नजर रख रहा है क्योंकि क्षेत्र में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के साथ-साथ अन्य परिचालन चुनौतियों और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण महत्वपूर्ण बाधाएं उत्पन्न हुई हैं।

दूसरी ओर, डीजीसीए ने यात्रियों के हित में कुछ उपाय भी किए हैं। एयरलाइंस 20 अप्रैल से कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। साथ ही पारदर्शी सीट आवंटन नीति का पालन भी करेंगी।

# आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न के सभी फॉर्म अधिसूचित

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।***




आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया।

इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

एकेएम ग्लोबल के भागीदार-कर संदीप सहगल ने कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 (सहज) के दायरे को बढ़ाया गया है। अब इसमें करदाताओं को दो आवासीय संपत्तियों से होने वाली आय की जानकारी देने की अनुमति दी गई है।

उन्होंने बताया कि पहले यह फॉर्म केवल एक घर से होने वाली आय तक सीमित था और दूसरे घर से आय होने पर करदाताओं को आईटीआर-2 या आईटीआर-3 भरना पड़ता था, लेकिन इस बदलाव से करदाताओं का अनुपालन बोझ कम होगा। वहीं, डेलॉयट इंडिया के भागीदार सुमित सिंघानिया ने कहा कि आय की जानकारी देने के ढांचे और प्रपत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये फॉर्म आयकर अधिनियम, 1961 के तहत ही भरे जाएंगे, इसलिए इन्हें मौजूदा नियमों और जानकारी देने की अनिवार्य शर्तों के अनुरूप ही रखा गया है। आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं।

सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-2 फॉर्म उन व्यक्तियों और एचयूएफके लिए है जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन पूंजीगत लाभ से आय होती है। वहीं, आईटीआर-3 फॉर्म ऐसे व्यक्तियों और एचयूएफके लिए है जिनकी आय स्वामित्व वाले व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-5 फॉर्म को फर्म, सीमित देयता साझेदारी (एलएलपी) और सहकारी समितियां दाखिल करती हैं, जबकि आईटीआर-6 फॉर्म कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनियों के लिए है। इसके अलावा, आईटीआर-7 फॉर्म ट्रस्ट और परमार्थ संस्थाओं के लिए निर्धारित है।

# ओएनजीसी, ऑयल इंडिया के कुओं से निकलने वाली गैस की कीमत बढ़ाने का फैसला..

नई दिल्ली, (भाषा)।

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्पादित गैस की एपीएम कीमत बढ़ाकर सात डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) कर दी है जो पहले 6.75 डॉलर प्रति इकाई थी। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।




कीमतों में यह संशोधन पुराने और विरासत वाले गैस क्षेत्रों से उत्पादित गैस पर लागू होगा, जो विनियमित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) के तहत आती है। कीमत में इस वृद्धि का असर उर्वरक, सीएनजी और पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति जैसे क्षेत्रों पर पड़ सकता है।

देश के कुल घरेलू गैस उत्पादन में एपीएम गैस की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है और इसका उत्पादन लगभग 9.2 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन है। सरकार ने 2023 में स्वीकृत मूल्य निर्धारण व्यवस्था के तहत कीमतों में यह संशोधन किया है। इस व्यवस्था में पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत भारतीय कच्चा तेल बास्केट के मासिक औसत का 10 प्रतिशत तय की जाती है और इसे हर महीने अधिसूचित किया जाता है।

हालांकि, ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के पुराने ब्लॉकों से उत्पादित गैस की कीमत चार से 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के दायरे में तय थी। यह सीमा दो साल तक स्थिर रखी गई थी और उसके बाद हर साल कीमत 0.25 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू बढ़ाने का प्रावधान किया गया।

अधिकतम कीमत को 2025-26 से बढ़ाकर 6.75 डॉलर किया गया था और अब इसे बढ़ाकर सात डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दिया गया है। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आदेश के मुताबिक, अप्रैल के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत सकल ऊष्मीय मान (जीसीवी) के आधार पर 10.76 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तय हुई है, लेकिन एपीएम गैस के लिए यह निर्धारित ऊपरी सीमा के अधीन रहेगी।

प्राकृतिक गैस का उपयोग उर्वरक उत्पादन, बिजली उत्पादन, वाहनों के लिए सीएनजी और घरों में पाइप से रसोई गैस पहुंचाने में किया जाता है। ऐसे में कीमतों में इस वृद्धि का व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव है और कच्चे तेल की कीमतें एक महीने में लगभग 50 प्रतिशत बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं।

सरकार ने अप्रैल, 2023 में एक अधिसूचना के जरिये ओएनजीसी और ओआईएल को नए कुओं से उत्पादित गैस पर एपीएम कीमत के ऊपर 20 प्रतिशत तक प्रीमियम लेने की भी अनुमति दी थी। वहीं, गहरे समुद्र और उच्च दबाव-उच्च तापमान वाले मुश्किल क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए कंपनियों को मूल्य निर्धारण और विपणन की स्वतंत्रता दी गई है।

इस ढांचे के तहत ऐसी गैस के लिए कीमत की ऊपरी सीमा अलग से तय की जाती है, जिसे वर्ष में दो बार अधिसूचित किया जाता है। हालांकि, अप्रैल-सितंबर, 2026 की अवधि के लिए नई सीमा अभी घोषित नहीं की गई है।

# डब्ल्यूटीओ सम्मेलन में भारत ने आधुनिक प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर चर्चा की मांग रखी

नई दिल्ली, (भाषा)।

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में उभरती और अल्प-विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के मुद्दे पर चर्चा शुरू करने की मांग करने के साथ कृषि वार्ताओं में गतिरोध दूर करने के लिए 'नए संभावित तरीकों' से बातचीत आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि ये मुद्दे हाल ही में कैमरून में आयोजित डब्ल्यूटीओ के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी-14) के दौरान उठाए गए।

डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय की बैठक में भारत ने कहा कि प्रासंगिक और उन्नत प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण वैश्विक स्तर पर उत्पादकता एवं दक्षता बढ़ाता है और इससे विकासशील एवं अल्प-विकसित देशों की अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भागीदारी मजबूत हो सकती है।

इस दौरान भारत ने डिजिटल क्षेत्र में डिजिटल असमानता, बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और नियामकीय ढांचे पर ठोस काम का समर्थन किया, ताकि विकासशील देशों को इसका लाभ मिल सके। हालांकि, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान ई-कॉमर्स पर लगने वाले सीमा शुल्क के स्थगन के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी। यह मुद्दा अब जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की आम परिषद की अगली बैठक में उठाया जाएगा।




बयान के मुताबिक, भारत ने कृषि वार्ता पर कहा कि मौजूदा गतिरोध का कारण 'विश्वास की कमी' है, जिसे दूर करने के लिए पिछले मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में किए गए वादों को लागू करना जरूरी है। भारत ने कृषि उत्पादों के सार्वजनिक भंडारण और विशेष सुरक्षा तंत्र जैसे लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया।

भारत ने 'ट्रिप्स' समझौते के तहत 'गैर-उल्लंघन एवं परिस्थिति शिकायतों' (एनवीएससी) पर स्थगन बढ़ाने के प्रस्ताव का भी समर्थन किया। साथ ही, विशेष एवं अलग व्यवहार के प्रावधान को कमजोर न करने और इसे अधिक प्रभावी बनाने की बात कही।

इसके अलावा, भारत ने चीन-समर्थित निवेश सुविधा समझौते का विरोध करते हुए कहा कि इससे डब्ल्यूटीओ के मूल सिद्धांतों पर असर पड़ सकता है। भारत ने इसे संगठन के ढांचे में शामिल करने से भी इनकार किया।

इस बीच, अमेरिका ने ई-कॉमर्स शुल्क स्थगन को बढ़ाने पर सहमति न बनने पर निराशा जताई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि यदि डब्ल्यूटीओ इस प्रस्ताव पर निर्णय नहीं ले पाता है, तो अमेरिका इच्छुक देशों के साथ अलग व्यवस्था के तहत आगे बढ़ेगा।

यह सम्मेलन 30 मार्च को किसी सहमति के बगैर ही समाप्त हो गया। इसकी वजह यह है कि ब्राजील और तुर्किये जैसे कुछ देशों ने ई-कॉमर्स शुल्क स्थगन बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध किया।



जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## जॉब इंटरव्यू के बहाने युवती के साथ होटल में लूट, आंखों में सफेद पाउडर डालकर गहने और कैश लेकर जालसाज फरार....

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के कानपुर में नौकरी की तलाश में आई एक युवती के साथ दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार कानपुर के श्याम नगर स्थित होटल मेरीगोल्ड इन में जॉब इंटरव्यू और पेपर चेक करने के नाम पर युवती को घंटों कमरे में रोके रखा गया।***

आरोप है कि आरोपी ने उसका ध्यान को भटकाने के लिए लगातार बातचीत की और फिर अचानक उसकी आंखों में सफेद रंग का पाउडर डाल दिया। युवती की आंखें जलने लगीं और वह कुछ देख नहीं पाई। इसी मौके का फायदा उठाकर जालसाज ने युवती की ज्वेलरी और नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गया।

### पीड़िता ने क्या बताया?

युवती ने बताया कि जैसे ही उसने होश संभाला, तो उसके द्वारा तुरंत होटल स्टाफ और पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना चकेरी पुलिस श्याम नगर चौकी इलाके स्थित होटल मेरी गोल्ड इन पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीसीपी अंजलि विश्वकर्मा भी मौके पर पहुंचीं और जांच की कमान संभाली।

### पुलिस ने क्या बताया?

एडीसीपी अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि होटल के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी स्पष्ट रूप से कैद हुआ है। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान और तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस की कई टीमें आरोपी की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि युवती की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है और मामले को गंभीरता से लिया गया है।




### कैसे घटी घटना?

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती कानपुर में जॉब के लिए आई थी। उसने होटल मेरी गोल्ड इन में इंटरव्यू के लिए कमरा लिया। आरोपी ने खुद को इंटरव्यू लेने वाले अधिकारी के रूप में पेश किया और पेपर चेक करने के बहाने युवती को बंद कमरे में घंटों रोक रखा। वह लगातार बातें करता रहा ताकि युवती का ध्यान भटका रहे। जब युवती पूरी तरह से निश्चिंत हो गई, तब आरोपी ने अपनी चाल चली। आरोपी ने युवती को अपनी बातों में फंसाते-फंसाते अचानक युवती की आंखों में एक सफेद पाउडर झोंक दिया, जिससे युवती के आंखों के सामने पल भर में अंधेरा हो गया जिसके बाद युवती दर्द से तड़प उठी। इसी दौरान आरोपी ने उसकी ज्वेलरी और जो नकदी साथ थी, वह सब छीन लिया और फरार हो गया।

### सीसीटीवी फुटेज में जालसाज दिखा..

यह घटना थाना चकेरी क्षेत्र के श्याम नगर चौकी के अंतर्गत हुई है। पुलिस ने युवती का बयान दर्ज कर लिया है और मामले में ब्नहस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एडीसीपी अंजलि विश्वकर्मा ने मीडिया को बाईट देते हुए कहा- 'होटल के सीसीटीवी फुटेज में जालसाज साफ दिख रहा है। हमारी टीम फुटेज का विश्लेषण कर रही है और तकनीकी सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।कानपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसी घटनाओं में हम शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाते हैं।'

### होटल की लापरवाही भी सामने आई..

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी होटल में पहले से ही रेकी कर चुका था और जॉब इंटरव्यू के नाम पर कई युवतियों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा था। होटल प्रबंधन की लापरवाही भी सामने आई है, क्योंकि कमरे में अकेले में इंटरव्यू लेने की अनुमति कैसे दी गई, इसकी जांच भी की जा रही है। एडीसीपी अंजलि विश्वकर्मा की सक्रियता से पुलिस टीम तेजी से काम कर रही है।

सीसीटीवी फुटेज के अलावा होटल के रजिस्टर, मोबाइल नंबर और अन्य सबूतों की जांच की जा रही है। उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## चीन और पाकिस्तान ने पश्चिम एशिया के लिए शांति योजना प्रस्तावित की...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***चीन और पाकिस्तान ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए पांच सूत्री शांति प्रस्ताव रखा, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित आवागमन की मांग भी शामिल है। यह शांति प्रस्ताव चीन के विदेश मंत्री वांग यी द्वारा पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार के***

साथ ईरान की स्थिति पर हुई बातचीत के बाद रखा गया। डार तुर्की, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों के साथ हुई अपनी हालिया वार्ता की जानकारी वांग को देने यहां आए थे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता को बढ़ावा देना था। डार-वांग वार्ता के बाद, दोनों देशों ने खाड़ी क्षेत्र और पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल करने के साथ-साथ जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए पांच प्रस्ताव रखे। इन प्रस्तावों में शत्रुता तत्काल समाप्त करने, यथाशीघ्र शांति वार्ता शुरु करने, गैर-सैन्य लक्ष्यों की सुरक्षा और नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संयुक्त राष्ट्र चार्टर की प्रमुखता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना शामिल है।

दोनों नेताओं की वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य, अपने निकटवर्ती जलक्षेत्र के साथ, माल और ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक नौवहन मार्ग है। पाकिस्तानी मीडिया ने संयुक्त बयान का हवाला देते हुए बताया, 'चीन और पाकिस्तान सभी पक्षों से होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे जहाजों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, नागरिक और वाणिज्यिक जहाजों को शीघ्र और सुरक्षित मार्ग प्रदान करने और जलडमरूमध्य से सामान्य आवागमन को जल्द से जल्द बहाल करने का आह्वान करते हैं।' इससे पहले चीन ने कहा कि तेल लेकर आ रहे उसके तीन जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं और उसने इसकी सुविधा और समन्वय के लिए संबंधित पक्षों को धन्यवाद दिया।



चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेसवार्ता में ईरान का नाम लिए बिना कहा कि संबंधित पक्षों के समन्वय के बाद हाल ही में तीन चीनी जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार किया। उन्होंने कहा, 'हम संबंधित पक्षों की सहायता के लिए आभार व्यक्त करते हैं।' ईरान वर्तमान में खाड़ी से जलडमरूमध्य पार करने वाले तेल के जहाजों की आवाजाही को नियंत्रित कर रहा है। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी संप्रभुता की अंतरराष्ट्रीय मान्यता की मांग कर रहा है। माओ ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास का जलक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय माल और ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। उन्होंने कहा कि चीन खाड़ी में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए शत्रुता तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद चीन वर्षों से ईरानी तेल का एक बड़ा आयातक रहा है।

चीन ने अपने जहाजों के होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के बारे में पहली बार बात की। ऐसी खबरें हैं कि ईरान घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों को देखते हुए चीनी जहाजों को जलडमरूमध्य पार करने दे रहा है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद से, चीन सभी देशों से सैन्य अभियान तुरंत रोकने का आह्वान कर रहा है।चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का भी आह्वान कर रहा है, क्योंकि इसके बंद होने से ईंधन आपूर्ति में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। ईरान पर हुए

हमलों की निंदा करते हुए, चीन 14-15 मई को होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा की तैयारी भी कर रहा है, जिस दौरान दोनों देशों के बीच एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने की उम्मीदें बहुत अधिक हैं।

## फरीदाबाद में 11वीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा के फरीदाबाद में परीक्षा में कम अंक आने से परेशान 11वीं कक्षा एक छात्र ने अपने घर पर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***



पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान आयुष (16) के रूप में हुई है, जो गांधी नगर इलाके में किराए के मकान में अपने माता-पिता के साथ रहता था।उन्होंने बताया कि आयुष की 11वीं कक्षा की परीक्षाओं के परिणाम सोमवार को आए थे और कुछ विषयों में उसके अंक कम आए थे, जिससे वह काफी परेशान था। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले उसके कुछ दोस्तों ने सोमवार शाम को एक पार्टी का आयोजन किया, जिसमें आयुष भी शामिल हुआ था। पड़ोसी मंजू देवी ने बताया कि आयुष देर शाम घर लौटा और अपनी मां से झगड़ा करने लगा, जिसके बाद मां ने उसे डांट लगाई। बाद में उसी रात आयुष ने घर में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह आयुष का शव मिला, जिसके बाद परिवार ने पुलिस को इसकी सूचना दी। नवीन नगर पुलिस चौकी की एक टीम मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतारा और सिविल अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने आयुष को मृत घोषित कर दिया। फरीदाबाद की नवीन नगर पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप कुमार ने कहा, 'आयुष दिल्ली के मोरबंद इलाके के एक स्कूल में पढ़ता था। सोमवार को उसके नतीजे घोषित हुए और वह कम अंकों से परेशान था। अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।'

## गर्लफ्रेंड को आधे घंटे तक समझाया, नहीं मानी तो गोली मारकर फरार हुआ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार के मुजफ्फरपुर में एक युवक ने आधे घंटे तक अपनी प्रेमिका को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब दोनों के बीच बात नहीं बनी तो उसकी हत्या कर दी। भगवानपुर सब्जी मंडी में हुई।***



सिरफिरे प्रेमी की हरकत से सभी हैरान हैं और इलाके में सनसनी फैली हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर स्थित सब्जी मंडी के पास एक 22 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना हनुमान मंदिर के समीप की है, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि युवती और एक युवक घटना से पहले करीब आधे घंटे तक साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद बढ़ने पर युवक ने पिस्टल निकालकर युवती के सिर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गया।

### चश्मदीदों ने क्या बताया?

स्थानीय लोगों ने बताया कि युवती को घटना से कुछ देर पहले एक अन्य युवती के साथ भी देखा गया था। बाद में वह आरोपी युवक के साथ बातें करते हुए गुमटी की ओर गई थी। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। साथ ही घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए।

### सभी पहलुओं की जांच कर रही पुलिस..

सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि युवती की हत्या गोली मारकर की गई है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास के इलाके में घेराबंदी कर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## बस्तर में 35 नक्सलियों ने समर्पण किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***रायपुर, 31 मार्च (भाषा) छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में मंगलवार को 35 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यह आत्मसमर्पण केंद्र सरकार की वामपंथ उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने की 31 मार्च की समय सीमा से ठीक कुछ घंटे पहले हुआ।***

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि इनमें से 25 कैडर माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) से जुड़े थे और उनमें 12 महिलाएं हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इन नक्सलियों ने बीजापुर जिले में पुलिस की 'पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया है।

उन्होंने बताया कि इन 25 नक्सलियों पर कुल 1.47 करोड़ रुपये का इनाम घोषित है।

उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है जिसके तहत बीजापुर में माओवादियों के ठिकानों से 93 हथियार, 2.90 करोड़ रुपये नकद और 7.20 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 11.16 करोड़ रुपये है। पुलिस महानिरीक्षक ने इसे देश में नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में माओवादियों से बरामद की गई अब तक की सबसे बड़ी कीमती चीजों की जब्ती बताया है।

इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में माओवादियों के ठिकानों से 5.37 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई थी–जिसमें 1.64 करोड़ रुपये का एक किलोग्राम सोना और 3.73 करोड़ रुपये नकद शामिल थे। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इस बरामदगी के साथ, कुल बरामदगी बढ़कर 19.43 करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें 6.63 करोड़ रुपये नकद और 12.80 करोड़ रुपये का 8.20 किलोग्राम सोना शामिल है।

पुलिस के अनुसार बरामद किए गए हथियारों में चार एके-47 राइफलें, नौ एसएलआर राइफलें, एक इंसास एलएमजी (लाइट मशीन गन), सात इंसास राइफलें, एक कार्बाइन, 12 .303 राइफलें, एक आठ एमएम पिस्तौल, सात सिंगल-शॉट हथियार, 23 बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, तीन .315 बोर राइफलें और 14, 12-बोर बंदूकें शामिल हैं।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि बीजापुर में जिन प्रमुख कैडरों ने समर्पण किया, उनमें कंपनी कमांडर मंगल कोरसा उर्फमोटू (42) और आकाश उर्फ फागू उइके (38), डिविजनल कमेटी सदस्य शंकर मुचाकी (33) शामिल हैं तथा इन सभी पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है।

उन्होंने कहा कि समर्पण करने वाले एरिया कमेटी सदस्य पाले कुरसम उर्फ कमली कुरसम (40) पर पांच लाख रूपए का इनाम है। इससे पहले बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले में डीकेएसजेडसी से जुड़े पांच माओवादियों ने पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने समर्पण कर दिया था , जिन पर कुल नौ लाख रुपये का इनाम था।

पट्टलिंगम ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की पहचान भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सदस्य पांच लाख रूपए के इनामी सोमे कडती (42) तथा एक–एक लाख रूपए के इनामी चार पार्टी सदस्य लखमा ओयाम (19), सरिता पोड्याम (21), जोगी कलमू (20) और मोती ओयाम (19) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस ने क्षेत्र में माओवादियों के ठिकानों से 40 हथियार बरामद किए। इनमें आठ एसएलआर राइफलें, तीन इंसास राइफलें, एक कार्बाइन, एक .303 राइफल और पांच बीजीएल लांचर शामिल है।



पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इससे अब कमजोर पड़ चुके इस संगठन की सैन्य क्षमताओं को एक बड़ा झटका लगा है।

वहीं क्षेत्र के सुकमा जिले में, दो नक्सलियों – जनीला उर्फ मड़कम हिड़मे (लगभग 30) और सोनी (24) – ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन दोनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है।

पट्टलिंगम ने बताया कि जिले में माओवादियों का एक ठिकाना भी खोज निकाला गया, जिससे 10 लाख रुपये नकद, एक इंसास एलएमजी, दो एक-47 राइफलें, तीन .303 राइफलें और गोला-बारूद बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही कांकेर जिले में दो नक्सलियों शंकर (प्लाटून पार्टी समिति सदस्य) और हिडमा डोडी (प्लाटून सदस्य) ने भी सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सलियों ने पुलिस को एक एके-47 राइफल सौंपा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर में, बिजलू मंडावी (26) ने भी आत्मसमर्पण कर दिया है, जो जिले में आखिरी सक्रिय हथियारबंद नक्सली था और उस पर एक लाख रुपये का इनाम था।

अधिकारियों ने बताया कि यह आत्मसमर्पण जिला रिज़र्व गार्ड (डीआरजी), ज़िला पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, स्पेशल टास्क फोर्स, सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन और सशस्त्र बलों की दूसरी टुकड़ियों की मिली-जुली कोशिशों का नतीजा था। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, ''हम एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां नक्सल-मुक्त बस्तर और छत्तीसगढ़ का सपना सच होता दिख रहा है। अभी कुछ काम बाकी है, लेकिन वह जारी रहेगा। आने वाले दिन और भी ज़्यादा सकारात्मक और शांतिपूर्ण होंगे।''


उन्होंने कहा कि दशकों की हिंसा के बाद, बस्तर अब एक शांतिपूर्ण भविष्य की ओर बढ़ रहा है तथा आने वाले समय में इसे इसके विकास, संस्कृति और पर्यटन की संभावनाओं के लिए और भी ज़्यादा जाना जाएगा।

## बंगाल पुलिस ने करोड़ों रुपये के साइबर धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति पवन रुइया को गिरफ्तार किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कोलकाता, 31 मार्च (भाषा) पश्चिम बंगाल पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने उद्योगपति पवन रुइया को मुखौटा कंपनियों और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये धनशोधन कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

उन्होंने बताया कि बिधाननगर साइबर अपराध पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद रुइया को कोलकाता के बाहरी इलाके न्यू टाउन में स्थित एक होटल के पास से पकड़ा गया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने साइबर अपराध मामलों की अपनी जांच के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है, जिसमें कथित तौर पर 315 करोड़ रुपये की लेनदेन मुखौटा कंपनियों और रुइया परिवार से जुड़े व्यक्तियों के बैंक खातों के जरिये होने की बात सामने आई। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा दिन में पहले आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों को दी गई अंतरिम सुरक्षा को रद्द करने के बाद हुई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले साल दिसंबर में उद्योगपति, उनके बेटे राघव और उनकी बेटी पल्लवी को देश भर में विभिन्न ऑनलाइन घोटालों से प्राप्त धनराशि को अपने बैंक खातों में जमा करने के आरोप में अग्रिम जमानत दे दी थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक यह मामला एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से संचालित फर्जी निवेश योजना के जरिए एक वरिष्ठ नागरिक से कथित तौर पर 93 लाख रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है।



दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200




जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353

### बीजेपार आश्रम शाला की बेटी 'खेलो इंडिया' के मैदान में..

# आश्रमशाला की अलका मरसकोल्हे का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन, पालक मंत्री इंद्रनील नायक ने की सराहना..



जगप्रेरणा देवरी।

***दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के दम पर आदिवासी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं।***

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, देवरी के अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक आश्रमशाला, बीजेपार की छात्रा कुमारी अलका रामदास मरसकोल्हे ने इसे सच कर दिखाया है। अलका का चयन पहली 'ट्रायबल खेलो इंडिया' राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, और उनकी इस उपलब्धि ने गोंदिया जिले के सम्मान में एक नया पंख जोड़ दिया है। मैदान पर शानदार प्रदर्शन अलका मरसकोल्हे ने ८०० मीटर दौड़ और 4म400 मीटर रिले स्पर्धाओं में अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अत्यंत कठिन पात्रता (क्वालिफाइंग) राउंड महाराष्ट्र के पालघर और झारखंड के रांची में आयोजित किए गए थे। दोनों चरणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अलका ने मुख्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है। मंत्री इंद्रनील नायक ने थपथपाई पीठ अलका की इस सफलता का संज्ञान लेते हुए महाराष्ट्र के उद्योग, आदिवासी विकास एवं पर्यटन राज्य मंत्री तथा गोंदिया जिले के पालक मंत्री माननीय इंद्रनील नायक ने उनका विशेष अभिनंदन किया है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा:

'अलका की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत जीत है, बल्कि पूरे आदिवासी समाज और महाराष्ट्र के लिए गर्व की बात है। उनकी लगन के कारण आश्रमशाला के अन्य खिलाड़ी भी अब विश्व स्तरीय सपने देख सकते हैं।' **सफलता का सूत्र:** 'एक आश्रमशाला, एक खेल' अलका की इस कामयाबी के पीछे सरकार के 'एक आश्रमशाला, एक खेल' अभियान का बड़ा हाथ है। बीजेपार आश्रमशाला में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में मिला विशेष प्रशिक्षण, पौष्टिक एवं संतुलित आहार और आधुनिक खेल उपकरणों की वजह से अलका अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सफल रहीं।

इस सफलता के पीछे परियोजना अधिकारी उमेश काशीद, खेल समन्वयक तुलसीदास बघाडे, प्रधानाध्यापक अशोक इस्कापे और खेल प्रशिक्षक महेंद्र कचलाम का नियोजन और समर्पण महत्वपूर्ण रहा।अपनी सफलता पर बात करते हुए अलका अत्यंत भावुक हो गईं। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और कोच महेंद्र कचलाम को दिया। उन्होंने कहा, 'कोच और स्कूल ने जो विश्वास मुझ पर दिखाया, उसे सार्थक करने की खुशी बहुत बड़ी है।'वर्तमान में बीजेपार आश्रमशाला, गोंदिया जिले और पूरे आदिवासी समुदाय में खुशी का माहौल है और अलका पर बधाइयों की बौछार हो रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि वह आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटेंगी।

# तिरोड़ा में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन




जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***श्रीराम, श्री राधाकृष्ण एवं श्री गजानन महाराज देवस्थान, स्टेशन रोड तिरोड़ा में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 1 एवं 2 अप्रैल को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।***

इस अवसर पर श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल (बुधवार) को दोपहर 2 बजे से श्रीराम चरित्र मानस का अखंड पाठ प्रारंभ होगा। वहीं 2 अप्रैल (गुरुवार) को सुबह 6 बजे श्री हनुमानजी का अभिषेक, पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके अलावा शाम 4:30 बजे अखंड पाठ का विराम, 4:45 बजे हवन एवं पूजन, 5:45 बजे आरती तथा रात 7 बजे महाप्रसाद का आयोजन रखा गया है।

श्रीराम गजानन देवस्थान समिति द्वारा इस भक्तिमय आयोजन में सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सहभागिता की अपील की गई है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### घर मे घुसकर मारपीट कर टिव्ही फोड़कर किया नुकसान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट और नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/3/2026 के रात 12 बजे के दरम्यान कामठा मे फर्यादी दिनेशकुमार चंदनलाल अग्रवाल उम्र 71 वर्ष निवासी कामठा अपने घर पर सोये थे। जहा रात आरोपी ने आकर पुराने विवाद पर गालीगलौच कर लात घुसो से मारपीट की और धक्का देने से टिव्ही फूट गया। और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 178/2026 धारा 332, ग, 324, 6, 351, 2, 115, 2, 75,1,2, भान्यास के तहत अपराध दर्ज कर जांच पोऊपनी धेंडे पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### पुराने विवाद पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 30/3/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान कुऱ्हाडी मे फर्यादी परसराम किसन शिवनकर उम्र 51 वर्ष निवासी चौकीटोला और आरोपी एक ही गाव के रहने वाले होकर उने पुराना विवाद था। घटना के समय फर्यादी घर आया तो उसकी पत्नी और आरोपी का बाडी बांधने की बात पर विवाद हो रहा था। फर्यादी ने कहा रोज रोज झगडा क्या करना गाव के चार लोगो को बुलाते है वो फैसला कर देंगे तो आरोपी ने कहा मुझे किसी से बात नही करना है, और गालीगलौच कर मारने की धम की दी, आरोपी के हाथ का ह सिया फर्यादी छुड़ाने गये तो हाथ मे लगने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 189/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा कोरे 1642 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### अभी का छिलटा है यहा घुमना नही बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/3/2026 के 10 बजे के दरम्यान बाजपाई वार्ड गोंदिया मे फर्यादी खुशाल ढालेश्वर देशमुख उम्र 23 वर्ष गौतम बुद्ध वार्ड गोंदिया मे छोटा भाई बाहर घुमने गया जहा आरोपी क्रमांक 2 ने कहा अभी का छिलटा है, यहा घुमना मत बोलकर गालीगलौच की और एक थप्पड मारा भाई ने जाकर फर्यादी को बताया फर्यादी ने जाकर दोनो आरोपीयों से कहा मेरे भाई ने क्या किया क्यो मारा उसे तो आरोपियो ने गालीगलौच कर फर्यादी को भी लकड़ी और गटटु से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 286/2026 धारा 118,1,115,2,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा पुराम 443 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### रेती चोर ट्रॅक्टर ट्राली सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 30/3/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान तेढवा से मरारटोला टि पाईंट रोड पर आरोपी ने अपने स्वराज कंपनीका मॉडेल क्रमांक 742 और ट्राली मे 1 ब्रास रेती बिना पास परमीशन के तेढवा घाट से रेती चोरी कर ले जाते समय पकडाने से ट्रक्टर ट्राली और 1 ब्रास रेती किमत 6 लाख 53 हजार रुपये का माल जप्त कर फर्यादी पोहवा गिरीश महेश पांडे पोस्टे रावणवाडी की शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 177/2026 धारा 305, ई 49, भान्यास 2023 सहकलम 50/77 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बघेले 788 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

# जहां श्रीराम का तत्व का जागरण हो जाता हैं वह स्थान अविनाशी हो जाता हैं



### आमगांव में चल रही श्रीराम कथा..



जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव में 27 मार्च से आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा श्रीरामकथा का***

आयोजन किया गया है। रामकथा के प्रथम दिन कथाव्यास साध्वी सुश्री पद्महस्त भारती ने अपने संबोधन में अवध एवं लंका का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए बताया कि जहां श्रीराम तत्व का जागरण हो जाता है वह स्थान अविनाशी हो जाता है, फिर उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह घटना मात्र सामूहिक ही नहीं अपितु वैयक्तिक भी घटित हो सकती है।

वर्तमान समाज में बढ़ रही हिंसा, अपराध, रोष, आपसी भेदभाव, नारी शोषण, भेदभाव के विषयों पर प्रकाश डालते हुए साध्वीजी ने कहा कि आज फिर से हम युग परिवर्तन के एक ऐसे ही दौर से गुजर रहे हैं जहां जन-जन के हृदय में श्रीराम तत्व का अवतरण अर्थात जागरण होना अनिवार्य हो गया है। श्रीराम तत्व के जागरण को श्रद्धा का आधार बताते हुए साध्वीजी ने समाज में व्याप्त पाखंडों का खंडन करते हुए कहा कि नास्तिक मात्र वही नहीं जो ईश्वर को नहीं मानता, नास्तिक वह भी है जो ईश्वर को मानता है पर ईश्वर को जानता नहीं है। कथा के प्रथम दिन दीप प्रज्वलन पूर्व विधायक भेरसिंग नागपुरे के हस्ते किया गया।

इस समय अतिथि के रूप में पूर्व तहसील अध्यक्ष भाजपा काशिराम हुकरे, मोहन अग्रवाल, सागर गुप्ता, सुरेशबाबू असाटी आदि उपस्थित थे। पहले दिन की कथा समाप्ति के उपरांत आरती के लिए अतिथि के तौर पर डा. जितेन्द्र गोयल, डॉ. सुरेशबाबू असाटी, खुशाल फरकुंडे उपस्थित थे। साथ ही कथा में सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं कथा का लाभ प्राप्त किया।

# बाम्हणी भ्रष्टाचार प्रकरण: अधूरी जांच से बढ़ा संदेह, विकास कार्यों में लाखों का घोटाला..

### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद अधिकारियों पर बढ़ गया दबाव..

### पीजी पोर्टल पर शिकायत बंद, पारदर्शिता पर उठ रहे सवाल, जांच से सामने आएगी सच्चाई..



जगप्रेरणा आमगांव।

***तहसील के बाम्हणी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में कथित आर्थिक अनियमितताओं का मामला अब गंभीर मोड़ ले चुका है। लंबे समय से लंबित यह प्रकरण अब सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है,***

जिसके बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है. राज्य स्तर से हस्तक्षेप होने के बाद स्थानीय अधिकारियों पर जवाबदेही का दबाव बढ़ गया है. जिसकी वजह से अब इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ रही है। बाम्हणी ग्राम पंचायत के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं. प्रारंभिक जांच में लगभग 11.37 लाख रू.के संभावित गबन की बात सामने आई है. लेकिन, जानकारों का मानना है कि यह राशि सिर्फ प्रारंभिक आंकड़ा है और यदि विस्तृत तकनीकी जांच की जाए तो घोटाले की वास्तविक राशि इससे कहीं अधिक हो सकती है।

इस प्रकरण का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि शिकायतकर्ता छगन भेदे द्वारा केंद्र सरकार के पब्लिक ग्रीवेंस (पीजी) पोर्टल पर दर्ज शिकायत को स्थानीय प्रशासन ने अधूरी जांच के बावजूद 'क्लोज' कर दिया। नियमानुसार, विना संतोषजनक समाधान के किसी भी शिकायत को बंद नहीं किया जा सकता. ऐसे में बिना पूर्ण रिपोर्ट और तकनीकी जांच के शिकायत बंद करना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय स्तर पर न्याय न मिलने से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय का रुख किया. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. इसके बाद अब तक लंबित फाइलों को फिर से खोला जा रहा है और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई का दबाव बढ़ता नजर आ रहा है।

एक ओर सरकार पारदर्शी शासन का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर इस मामले में जांच में देरी और ढिलाई से आम नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है. लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या शिकायतों का वास्तव में समाधान होता है या सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है। इस प्रकरण ने प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

शिकायतकर्ता छगन भेदे ने स्पष्ट किया है कि उनका संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि जब तक भ्रष्टाचार में शामिला प्रत्येक दोषी पर कार्रवाई नहीं होती और एक-एक रु. की वसूली नहीं की जाती, तवा तक वे पीछे नहीं हटेंगे। मुख्यमंत्री स्तर पर मामला पहुंचने के बाद अब पूरे आमगांव क्षेत्र की नजर इस बात पर टिकी है कि जांच कितनी निष्पक्ष होती है और दोषियों के खिलाफ क्या सख्त कदम उठाए जाते है।

# देवरी में बीआरसी में आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, कर्मचारियों में बढ़ा डिजिटल कौशल



जगप्रेरणा देवरी।

***समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य की कई स्कूलों और बीआरसी में कंप्यूटर प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं।***

इसी क्रम में देवरी स्थित बीआरसी में कर्मचारियों को आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां के कर्मचारी अब केवल कागजी काम तक सीमित नहीं रहकर कंप्यूटर, प्रोजेक्टर और इंटरनेट का प्रभावी उपयोग कर रहे हैं। इसके माध्यम से वे विभिन्न विषयों को अधिक आकर्षक और आसानी से समझने योग्य तरीके से सीख रहे हैं।

इस डिजिटल लैब के कारण कर्मचारियों में काम के प्रति रुचि काफी बढ़ गई है। आज के तकनीकी युग में अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो गए हैं और कंप्यूटर के बिना कोई भी कार्य पूर्ण करना संभव नहीं है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में कंप्यूटर चलाने की आदत विकसित हो रही है, साथ ही उनके डिजिटल कौशल और आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है।

इस महत्वाकांक्षी पहल में आईसीटी शिक्षिका कु. एस. डी. कोराम का विशेष सहयोग मिल रहा है। वहीं माध्यमिक शिक्षणाधिकारी सुधीर महामुनी, प्राथमिक शिक्षणाधिकारी विशाल डोंगरे, गटशिक्षणाधिकारी महेंद्र मोटघरे और जिला परियोजना समन्वयक सुभाष चौरागड़े के मार्गदर्शन में जिले में यह उपक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स

एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास

2. अष्टविनायक अपार्टमेंन्ट

2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## गोंदिया शहर व जिले के सभी हनुमान मंदिरों में धुमधाम से 2 अप्रैल को मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव..

### सुबह 5 बजे से दुग्धाभिषेक, हवन, पूजन, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड एवं महाप्रसाद संहित होंगे अनेक कार्यक्रम..

### सिविल लाईन हनुमान मंदिर, रेल टोली संकटमोचन हनुमान मंदिर संहित सभी मंदिरो मे की गई सजावट..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भगवान श्री राम के दूत पवनपुत्र हनुमान जी धरती पर ऐसे देवता हैं, जिन्हें पुराणों में साक्षात एवं हमेशा स्थापित बताया गया है। कहा जाता है कि धरती पर अपने भक्तों की रक्षा के लिये महाबली हनुमान आज भी धरती पर स्थापित हैं। महाबली हनुमान जी के*

जीवन की कथाएं शक्ति के साथ ही बुद्धि और नीति की प्रेरणा भी प्रदान करती है। यही कारण है कि पुरे भ रत में सबसे ज्यादा मंदिर भगवान बजरंग बली हनुमान जी के विद्यमान हैं। हनुमान जी को बजरंग बली, पवनपुत्र, संकट मोचन आदि अनेक नामों से संबोधित किया जाता है, तथा बजरंग बली के जन्मोत्सव पर मंदिरों में भारी भीड़ देखी जाती है। परंपरानुसार हनुमान जन्मोत्सव हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। यह तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार आती है, इसलिए इसकी तारीख हर साल बदलती रहती है। इस वर्ष 2 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जा रही है, तथा हनुमान जयंती पर शहर व जिले के सभी मंदिरों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं।

### सिविल लाईन हनुमान मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन..

गोंदिया शहर के सिविल लाईन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष हनुमान भक्तों की सर्वाधिक भीड़ नजर आता है। बड़ी संख्या में इस मंदिर से भक्तों का जुड़ाव है, जिसके चलते दो दिवसी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर बजाज ने जगप्रेरणा को बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

आज प्रथम दिवस 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया जायेगा, वहीं दोपहर 3 बजे से 10 हजार 8 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में एक साथ भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इसी प्रकार 2 अप्रैल गुरुवार को सुबह 5.30 बजे से हनुमान जी का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। इसके उपरांत सुबह 7 बजे से हवन, सुबह 8.00 बजे आरती तथा सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। सिविल लाईन हनुमान मंदिर के अध्यक्ष सुधीर बजाज ने सभी हनुमान भक्तों से सपरिवार हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थिति का आहवान किया है।

### रेल टोली संकट मोचन हनुमान मंदिर में आज से तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन..

गोंदिया शहर में रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित रेल टोली संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया जाता है। इस संबंध में मंदिर समिति की ओर से सुमित गुप्ता ने जगप्रेरणा को बताया कि मंदिर समिति द्वारा तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, कार्यक्रमों की शुरुआत बुधवार, 01 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे भजन संध्या से होगी। इस अवसर पर श्री संकट मोचन मंडल एवं श्याम गुणगान परिवार द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन, गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 को प्रातः 4:30 बजे से कीर्तन का आयोजन किया गया है। इसके बाद शुभम तिवारी द्वारा हनुमान जन्म कथा का वाचन किया जाएगा, वहीं प्रातः 6:02 बजे भगवान हनुमान जी के जन्म के पश्चात विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी दिन सुबह 6:15 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा के पश्चात सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके अलावा सुबह 10:00 बजे से 108 हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। शाम 6:00 बजे श्री हनुमान जी प्रसाद महाभोग लगाया जायेगा, तथा रात्रि 9:30 बजे हनुमान चालीसा पाठ का समापन होगा। तीसरे दिन 3 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे हवन पूजन एवं गणेश नगर एवं संकट मोचन महिला मंडल द्वारा शाम 4:00 बजे भजन कार्यक्रम प्रस्तुती दी जायेगी। सुमित गुप्ता ने बताया कि 3 अप्रैल को ही शाम 6:30 बजे से भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

### गंज वार्ड हनुमान मंदिर में 2 एवं 3 अप्रैल को कार्यक्रमों का आयोजन..

**गोंदिया शहर के परशुराम चौक, ब्राह्मण मोहल्ला, गंज वार्ड में हनुमान मंदिर में निरंतर 26 वें वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया जायेगा। सर्वप्रथम 2 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से यज्ञ एवं हवन पुजन कार्यक्रम व महाआरती संपन्न होगी, तथा दिन भर हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 3 अप्रैल को शाम 7 बजे से महाप्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।**

### गौतम नगर लेटे हनुमान मंदिर में धुमधाम से मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव..

गोंदिया शहर के बाजपेई वार्ड, गौतम नगर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री लेटे हनुमान जी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया जायेगा। मंदिर सेवा समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को सुबह 05 बजे से अभिषेक, सिंदुर चोला एवं हनुमान जी का श्रृंगार किया जायेगा। सुबह 08.00 बजे से आरती, दोपहर 12 बजे से महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का आयोजन, सायं 6 बजे से सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ और शाम 7 बजे से महाप्रसाद वितरित किया जायेगा।

## पुंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय में स्काउटिंग और गाइडिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित स्थानीय पुंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय में 27 मार्च को 'स्काउटिंग और गाइडिंग - समय की आवश्यकता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला*

का आयोजन गोंदिया शिक्षण संस्था के सचिव पूर्व विधायक राजेंद्र जैन एवं संचालक निखिल जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी सरस्वती और गोंदिया शिक्षण संस्था के संस्थापक स्व.मनोहरभाई पटेल की प्रतिमाओं को माल्यार्पण करके पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र निकोसे की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यशाला में जिला संयोजक (स्काउट) पराग खुजे एवं जिला संयोजक (गाइड) श्रीमती चेतना ब्राम्हणकर विशेष अतिथि और वक्ता के रूप में उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. निकोसे ने महाविद्यालय की ओर से श्रीमती चेतना ब्राम्हणकर व पराग खुजे का शॉल, श्रीफल, सन्मानचिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती चेतना ब्राम्हणकर ने बताया गया कि भारत स्काउट एंड गाइड संगठन की स्थापना चरित्र निर्माण, अच्छे स्वास्थ्य की आदतों, मैत्रीपूर्ण व्यवहार, निष्ठा और विश्वसनीयता तथा सेवाभाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस संगठन से जुड़ने वाले छात्र अच्छे और जागरूक नागरिक बनते हैं, इसलिए इस संगठन में अधिकाधिक छात्रों को जुड़ना चाहिये। वहीं पराग खुजे ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर सेवा है। भारत स्काउट गाइड संगठन मानवता की निस्वार्थ सेवा करता है। इस संगठन के माध्यम से छात्रों में मानवता की निस्वार्थ सेवा का भाव विकसित होता है। इसलिए, इस अभियान में भाग लेना चाहिए और समाज के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। भारत स्काउट गाइड संगठन के महत्वपूर्ण उद्देश्य युवाओं की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक क्षमताओं का विकास करना और उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना पैदा करना है, ताकि वे स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार भारतीय नागरिक के रूप में अपना योगदान दे सकें। इसलिए वर्तमान में इस संगठन के विकास और संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए ऐसा प्रतिपादन डॉ. निकोसे ने किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश तिड़के, प्रा.ओमप्रकाश खंगार, डॉ.विनोद गेडाम एवं प्रा.वैशाली बघेले उपस्थित थे। इस कार्यशाला के सफ्लता हेतू जयेश कुंभलवार, नेहा रामटेके, साक्षी डोहारे, प्रियंका टिकले, वैशाली मिरानी, नरेंद्र बेलगे, मीनाक्षी भंडारकर, जया शाह, जैद पठान, शैलेश गुप्ता,और कमलेश डहाके, कांति गुणेश्वर, वासुदेव मेश्राम, विनोद वलके और अश्विन नान्हे ने सहयोग किया ढ्ढ कार्यक्रम का संचालन डॉ. तिलक भंडारकर तथा आभार आयक्युएसी समन्वयक डॉ. सुरेश पाटिल ने किया।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, वेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

## 'लोधी राम-11' ने जीता 1 लाख 11 हजार 111 रुपये का प्रथम ईनाम, गोंदिया में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ 7 दिवसीय लोधी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

### राज्यमंत्री, सांसद, विधायक, नगराध्यक्ष सहित अनेक दिग्गज नेताओं की रही गरिमामय उपस्थिति..

### भव्यता के साथ हुआ शुभारंभ और रोमांचक एवं उत्साह भरा हुआ समापन







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में लोधी प्रीमियर लीग का शुभारंभ 22 मार्च रविवार को क्षेत्र के पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल तथा नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन भाऊ शेडे, पुर्व विधायक दिलीप बंसोड, सालेकसा पंचायत समिति के उपसभापति जितेंद्र बल्हारे, हितेंद्र (गुड्डू) लिल्हारे, नरेंद्र लिल्हारे, दिलीप सिंह लिल्हारे के साथ-साथ लोधी समाज के जिला अध्यक्ष कुंदनभाऊ कटारे, अशोक*

नागपुरे, लोधी समाज गोंदिया महिला जिला अध्यक्षा सुनीता हेमंत लिल्हारे तथा समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाज भवन भूमि दानदाता पन्नालाल सहारे की गरिमामय उपस्थिति में धुमधाम से प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विनोद अग्रवाल, संजय नागपुरे, जितेंद्र नागपुरे और उनकी टीम की गरिमामय उपस्थिति रही। तीसरे दिन कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सभापति भऊराव उके, पंचायत समिति के सभापति मुनेश राहांगडाले, पंचायत समिति के उपसभापति नीरज उपवंशी, कृषि उत्पन्न बाजार समिति के उपसभापति पप्पू पटले, संचालक चेतन बहेकार, जितेश टेंभरे, शिवसेना उबाठा जिला प्रमुख पंकज यादव, सुमित भालोटिया, धनलाल ठाकरे, आशीष नागपुरे, मिलन सिंह लिल्हारे आदि मेहमानों की उपस्थिति रही। चौथे दिन राष्ट्रवादी के युवक जिला अध्यक्ष एवं जीसीडीसी बैंक के संचालक केतन तुरकर, नगर परिषद के स्वीकृत नगर सेवक लोकेश उर्फ कल्लु यादव, नगर सेवक राज शुक्ला सहित अन्य मान्यवर उपस्थित रहे। पांचवें दिन कांग्रेस के नेता अमर वराड़े, जिला परिषद सदस्य गीता ओम लिल्हारे, रुपाली ऊके, नगरसेवक अमर रंगारी, श्रीकांत चांदूरकर, देवचंद बिसेन आदि उपस्थित रहे। छटवें एवं क्वार्टर फाइनल के दिन महाराष्ट्र सरकार के राज्य मंत्री एवं शिवसेना के नेता एड आशीष जायसवाल, शिवसेना जिला प्रमुख सोनू कुथे, नगर अध्यक्ष के उम्मीदवार रहे डॉ प्रशांत कटरे, शहर अध्यक्ष कमलेश नशीने, छैलबिहारी अग्रवाल, दुर्गेश बिसेन, राजू रायनी, राहुल फेंडारकर, कुणाल दीप आदि नेता उपस्थित रहे।

सातवें एवं फाइनल के दिन भंडारा गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ प्रशांत पाडोले, आलोक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंत लाल दमाहे, वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम नागपुरे, शंकर मस्करे, राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय बघेल, शहर पुलिस निरीक्षक किशोर पार्वते, जिला उपाध्यक्ष प्रितम लिल्हारे, युवा जिलाध्यक्ष अतुल शेंडे, सचिव कृष्ण कुमार गयगये, नंदकिशोर बिरनवार, तालुका अध्यक्ष प्रशांत लिल्हारे, युवा तालुका अध्यक्ष सोमेश उपवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी उमा प्रसाद उपवंशी, सूर्यकांत नागपुरे, रोशन मस्करे आदि मान्यवर उपस्थित रहें। लोधी प्रीमियर लीग में गोंदिया जिले के आठ तालुका की 16 टीम में थी जिन्हें अलग-अलग चार ग्रुपों में बांटा गया था। प्रत्येक गृप में चार टीमें थी। 22 मार्च से 26 मार्च तक चारों ग्रुपों की लीग मैचेस हुई जिसमें से हर एक ग्रुप से दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल के नॉकआउट मुकाबले के लिए क्वालिफाइड हुई । सुपरहिट से 8 के मुकाबले से चार टीम में निकाल कर आई जिनका सेमीफाइनल हुआ और सेमीफाइनल से आने वाली ड्यूटी में फाइनल में गई जिसमें 'लोधी राम-11' की टीम ने बाजी मारते हुए रुपये 1 लाख 11 हजार 111/- रुपए का प्रथम पुरस्कार तथा केरला से स्पेशल बनकर आयी सात फुट ऊंची भव्य ट्राफी अपने नाम की, वहीं रनर अप के रूप में रुपये 55 हजार 555/- का द्वितीय पुरस्कार तथा पांच फुट ऊंची ट्राफी 'विकी सुपर किंग' ने प्राप्त की। प्रीमियर लीग के उत्तम खिलाड़ी के साथ फाइनल मैच के मैन ऑफ दी मैच का खिताब जबलपुर के खिलाड़ी रोहित लोधी ने अपने नाम किया। सबसे अच्छे बॉलर का किताब आदित्य चिखलौंढे के नाम रहा तो सबसे अच्छे बल्लेबाज का खिताब साई आशीर्वाद वारियर्स के कप्तान विक्की लिल्हारे ने अपने नाम किया। लोधी प्रीमियर लीग में महिलाओं को संगठन से जोड़ने और मनोरंजन हेतु महिलाओं का भी एक मैच लिया गया जिसमें लोधी छात्रानी संगठन तथा नारी शक्ति संगठन के बीच में खेला गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं की मैच लोधी छात्रानी संगठन ने बड़े ही आसानी से अपने नाम कर लिया जिन्हें 5100 का पुरस्कार दिया गया।

लोधी प्रीमियर लीग आयोजन समिति के प्रमुख इंजि राजीव ठकरेले, शिव नाथपुरे, अनिल सहारे, विवेक मस्करे, पृथ्वीराज दसरे, प्रविन धामडे, अरुण उपवंशी, अश्विन सहारे, शुभम नागपुरे, हंसराज गयगये सहित सभी 16 टीम के मालिक आयोजक थे जिसमें लोधी रॉयल स्ट्राइकर के मालिक ओमकार नागपुरे, ललित खजरे, लोधी युनाइटेड टीम के मालिक निरज उपवंशी, अतुल शेंडे, लोधी उपवंशी ब्रदर टीम के मालिक सोमेश उपवंशी, हेमंत हिरापुरे, लोधी योद्धा टीम के मालिक हेमंत लिल्हारे, कुंदन सुलाखे, गोंदिया मेडिकल 11 के मालिक सुरेश मचाडे, उज्जवल चिखलोंढे, विक्की सुपर किंग के मालिक विक्की मस्करे, बंटी मस्करे, लोधी रॉकस्टार टीम के मालिक महेश नागपुरे, डॉ शंकर बनोटे, डॉ अरविंद लिल्हारे, लोधी राम 11 के मालिक राज मस्करे, अजय ढेकवार, दुर्गा प्रसाद दमाहे, गोंदिया टाइटन टीम के मालिक अनिल पगरवार, सूर्या सुलाखे, बल्हारे टाइगर टीम के मालिक जितेंद्र बल्हारे , हेमंत मोहरे, जय लोधी टाइगर टीम के मालिक जतिन सिंह मच्छिरके, अक्षय लील्हारे, साई आशीर्वाद वॉरियर्स टीम के मालिक आशीर्वाद लील्हारे, भारत लिल्हारे, अष्टविनायक वीर टीम के मालिक मोहेन चिखलौंढे ,पंकज चिखलोंढे, लोधी नाइट राइडर टीम के मालिक सुनील नागपुरे, वीरेंद्र उपवंशी, लोधी स्ट्राइकर टीम के मालिक नरेंद्र मंडिया, लोकेंद्र दमाहे, लोधी लायंस टीम के मालिक जीतू कसरे, अंकुश बघेले सहित लोधी समाज के सभी कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफ्ल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

पूरे प्रीमियर लीग में कामेट्री हुमेश लिल्हारे एवं डॉ संजय माहुले, संजीव ठकरेले, सतीश नागपुरे, शतिश लिल्हारे, गुलशन सुलाखे ने मिलकर किया। लोधी प्रीमियर लीग को सफ्ल बनाने में लोधी क्षत्रानी संगठन तथा लोधी समाज महिला समिति का भी बड़ा अमूल्य योगदान रहा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..

संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com